# कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. केंद्र में भिजवाएं : कलेक्टर

## जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक संपन्न

शहडोल (स्वतंत्र मत)




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन अंतर्गत जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार कराए एवं स्वास्थ्य केंद्रों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जरूरतमंद मरीजों को अवश्य दें। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं से स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला उनसे सतत रूप से संपर्क स्थपित करते हुए उन्हें आवश्यकतानुसार समय समय पर उपचार करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्त करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय बनाकर कार्य करे और वरिष्ठ अधिकारी, मैदानी अमले द्वारा किए जा कार्यो की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हांकन कर उन्हें एन आर सी केंद्रों में भिजवाए तथा बच्चों को पोषण किट का भी वितरण प्राथमिकता के साथ किया जाए, कोई भी एन.आर.सी. केंद्रों की कोई भी सीटें रिक्त न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की जांच नियमित रूप से की जाए एवं सिकल सेल के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु गतिविधियां आयोजित करें। कलेक्टर ने 14 से 15 वर्षीय बेटियों को जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु लगाए जा रहे एच. पी. व्ही. वैक्सीनेशन की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अमोल पोर्टल, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रक कार्यक्रम, प्रसव, जिला चिकित्सालय में और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, मुख्य कार्यपालन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# ज्ञान भारतम पांण्डुलिपि मिशन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

शहडोल (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जिले में पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण दस्तावेजी एवं डिजिटलीकरण हेतु 15 जून 2026 तक ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण मिषन संचालित किया जा रहा है। उन्होंने ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में कलेक्टर समिति के अध्यक्ष, सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल एवं जिला नोडल अधिकारी जन अभियान परिषद, समन्वयक समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, प्राचार्य शासकीय शंभूनाथ महाविद्यालय, अधीक्षक जिला पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय शहडोल सदस्य होंगें। जारी आदेष में कहा गया है कि जिले में स्थित मंदिरों, मठों आश्रमों, निजी संग्रहो, पुस्तकालयों, शैक्षणिक शोध संस्थानों में पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण एवं अपलोडिंग ज्ञान भारतम मोबाइल के माध्यम से सुनिश्चित करें, पाण्डुलिपि धारकों के साथ संवाद स्थापित कर उनका विश्वास अर्जित किया जाए जिससे वे स्वेच्छा से इस अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करें, जिले में समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय को अभियान में संक्रिय रूप से जोडा जाए तथा छात्र शोधार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, जिले में स्थित प्रमुख धार्मिक संस्थानों, मठो, आश्रमों, एवं ट्रस्टों से सम स्थापित कर पाण्डुलिपियों की जानकारी संकलित की जाएं। भारत सरकार ब्दारा नोडल विभाग की प्रति दिवस समीक्षा की जाती है, जिला स्तरीय समिति ब्दारा प्रत्येक 15 दिवस में अभियान की समीक्षा कर प्रगति संचालनालय पुरातत्व को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगें। संबंधित अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निर्वाहन तथा ज्ञान भारतम मिशन हेड डॉ. मनीषा शर्मा द्वद्वद्वह्लद्बद्घद्बद्गस्रद्घशद्बश्चद्बद्बद्बद्वद्व.ष्द्य से सम्पर्क एवं समन्वय कर प्रधानमंत्री जी के फ्लैग मिशन में मध्यप्रदेश के समयबद्ध उत्कृष्ट प्रदर्शन में आपकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगें।

## नाबालिग बालिका की गई दस्तयाबी

**शहडोल।** जिले के थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गई थी। आसपास एवं रिश्तेदारियों में तलाश करने पर भी उनका कोई पता नहीं चला। फरियादिया द्वारा संदेह व्यक्त किया गया कि अज्ञात व्यक्ति ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

# एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार




**शहडोल।** सोहागपुर पुलिस द्वारा अवैध नशीले इंजेक्शन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 507/25 धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र. ड्रग अधिनियम के तहत 03 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित एवं नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये थे। प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना दिनांक से फरार आरोपी आशीष यादव पिता देवीप्रदास यादव उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड नं 16 पटेल नगर थाना कोतवाली जिला शहडोल को 27अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# सुमन सरोवर तालाब, पांडव नगर में हुआ श्रमदान

शहडोल (स्वतंत्र मत)

नगरपालिका परिषद, शहडोल द्वारा संचालित च्च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज के अंतर्गत नगर के जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर अभियानात्मक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज नगर क्षेत्र स्थित सुमन सरोवर तालाब, पांडव नगर में व्यापक श्रमदान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों एवं सामाजिक संगठन ओम



साई विजन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान तालाब परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई। जलीय क्षेत्र में फैली अनावश्यक जल वनस्पतियों की वैज्ञानिक तरीके से कटाई-छंटाई कर तालाब की जलधारण क्षमता को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया। साथ ही तालाब के आसपास फैले पॉलिथीन, प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्टों को एकत्रित कर उनका समुचित एवं पर्यावरण अनुकूल निष्पादन सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि च्च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज का उद्देश्य न केवल जल स्रोतों की सफाई करना है, बल्कि नागरिकों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है, जिससे भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा नागरिकों से जल स्रोतों के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया इस अवसर पर उपयंत्री सुखेंद्र सिंह तोमर, सिटी मैनेजर सत्यकाम मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल महोबिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनपद पंचायतवार नियुक्त किया रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेष पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 सहपठित मध्यप्रदेष पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम- 02 (ख)(ड) स(ज)9(2) तथा 19 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य हेतु अपीलीय अधिकारी एवं जनपद पंचायतवार रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने संपूर्ण जिले के लिए अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर शहडोल को नियुक्त किया है। इसी तरह जनपद पंचायत सोहागपुर हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सोहागपुर, जनपद पंचायत बुढार हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नायब तहसीलदार बुढार, जनपद पंचायत जयसिंहनगर हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार जयसिंहनगर, जनपद पंचायत ब्यौहारी हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार ब्यौहारी, जनपद पंचायत गोहपारू हेतु रजिस्ट्रीकरणथ अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार गोहपारू को नियुक्त किया गया है।

## कमिश्नर ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनवाई की

**शहडोल।** कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शहडोल संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रो से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम भर्री निवासी गया प्रसाद पाण्डेय ने क्रमोन्नित का लाभ दिलाने, पाण्डवनगर निवासी सुशील कुमार मिश्रा ने दिव्यांग पेंषन का लाभ दिलाने, ग्राम बोड़री निवासी रघुराज प्रजापति ने आर्थिक सहायता राषि दिलाने, वार्ड नम्बर 11 निवासी सुमन विष्वकर्मा ने बीपीएल कार्ड में नाम जुड़वाने, अनूपपुर जिले के कोतमा निवासी हरिषंकर मिश्रा ने अवैध निर्माण कार्य को रूकवाने, अनूपपुर निवासी हरीदीन विष्वकर्मा ने पेंषन का लाभ दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मुद्रिका सिंह सहित संभाग स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरएलआई विंध्याचल में नेचुरोपैथी चिकित्सा पर दो दिवसीय वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन



सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

आरएलआई विंध्याचल द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी) विषय पर दो दिवसीय वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के व्यस्त जीवन में शरीर, मन और आत्मा का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, तभी वास्तविक स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री बेनी किंहा ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व, तनाव प्रबंधन और रोगों से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली प्राकृतिक विधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार पद्धतियां अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक(आरएलआई) डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल लोगों को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने और पारंपरिक भारतीय जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे सीखने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सकारात्मक वातावरण बना। यह आयोजन आरएलआई विंध्याचल की कर्मचारियों के कल्याण और स्वस्थ कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# जनसुनवाई में विधवा महिला को मिली राहत कलेक्टर ने दिए 20 हजार रुपये की सहायता

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

**मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम नएगांव पड़रियाकला नेवसा, विकासखंड डिंडौरी निवासी रूकमणी बाई अपने दो छोटे बच्चों के साथ पहुंचीं और कलेक्टर को अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनके पति राजेश विश्वकर्मा मजदूरी के लिए महाराष्ट्र गए थे, जहां तालाब में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद भी उन्हें संबल योजना के तहत प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हो सकी है।**

रूकमणी बाई ने बताया कि उनके परिवार में दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें 3 वर्षीय बेटी खुश्बू और 6 वर्षीय दिव्यांग पुत्र शामिल हैं। घर में कोई कमाने वाला नहीं होने से बच्चों के भरण-पोषण में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

महिला की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रतिमाह 4 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही दिव्यांग बच्चे का प्रमाण पत्र बनवाकर पेंशन योजना से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

रूकमणी बाई की परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने रोगी कल्याण मद से 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया और कहा कि इस राशि का उपयोग बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा पर किया जाए। उन्होंने बच्चों को आंगनवाड़ी एवं विद्यालय भेजने की भी समझाइश दी।

कलेक्टर ने महिला को स्वरोजगार के लिए शासन की योजनाओं के माध्यम से दुकान या अन्य व्यवसाय शुरू करने हेतु अनुदान दिलाने का भरोसा भी दिलाया। अंत में उन्होंने अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि किसी भी समस्या पर सीधे संपर्क किया जा सकता है। संबल योजना का प्रकरण तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# एनसीएल ने मनाया विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस




**सिंगरौली।** एनसीएल ने मंगलवार को विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया। यह दिवस विश्वभर में कार्यस्थलों पर व्यावसायिक दुर्घटनाओं एवं बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस आइए एक स्वस्थ मनोसामाजिक कार्य वातावरण सुनिश्चित करें की थीम पर मनाया गया । एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी, जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई महासचिव, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन, कोल इंडिया बी. साईराम के संदेश का वाचन भी किया गया। एनसीएल मुख्यालय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीएल के निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने कहा कि आज के कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य, भौतिक सुरक्षा जितना ही महत्वपूर्ण है। विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर उन्होंने मानसिक जोखिमों की पहचान और समाधान को सभी की संगठनात्मक जिम्मेदारी बताया।उन्होंने कहा कि लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के साथ-साथ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है, और एक स्वस्थ व संतुलित कर्मचारी ही संगठन की वास्तविक शक्ति है।

# आदेश वापस लेने सौंपा ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मिड डे मील मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के रसोइयों को नहीं हटाए जाने के संबंध में रसोईया उत्थान संघ समिति ने जनसुनवाई में आवेदन के अलावा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम भी कलेक्टर के द्वारा ज्ञापन सौंपा है। आवेदन और ज्ञापन में जिले सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश के रसोईयों को ध्यान में रखकर जारी आदेश को शीघ्र ही वापस लिए जाने की मांग प्रमुखता से की गई है। संगठन के संरक्षक समाजसेवी पीडी खैरवार ने बताया है कि मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों का शोषण तरह-तरह से सरकार करती आ रही है। देर से मानदेय भुगतान करना कम मानदेय देना मुफ्त में काम कराना तो आम बात है अब काम से हटाना भी आम बात बनने लगी है। मार्च से मानदेय दिया नहीं गया है। हर साल जून के काम का मानदेय दिया नहीं जाता। अब तो इनको हटाने के लिए स्कूल प्रबंधन के द्वारा कहा जा रहा है कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के रसोईयों को काम से अलग किए जाने से संबंधित आदेश सरकार ने 2020 में जारी किया था। जिसका पालन हमसे अब कराया जा रहा है। इस मौके पर जयंती अहिरवार, गंगोत्री विश्वकर्मा,कुंवर सिंह मरकाम, सुरेश बघेल,गायत्री पड़वार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र से आया किसानों का दल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सेंटर ऑफ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट सीडीवीडी संस्था के द्वारा वनोपज आधारित उत्पादों का अध्यन करने महाराष्ट्र के अमरावती जिला के धारिणी से समाज प्रगति सहयोग संस्था से किसानो का एक भ्रमण दल आया जिसका उद्देश्य था की मंडला में वनोपज के उत्पाद एवं सरल सहज तकनीकी से उत्पाद केसे बनाये जा रहे है सीडीवीडी संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने बताया की संस्था के द्वारा छोटे छोटे उत्पादों को बिना किसी बड़ी मशीनरी की सहायता से घरेलु सामान से केसे उत्पाद बनाकर विक्रय किया जा सकता है वनोपज से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन किया गया एवं शहद प्रसंस्करण इकाई में पैकेजिंग के बारे विस्तृत जानकारी दी गई एवं जंगलो से शहद लाकर केसे फ़िल्टर किया जाता है इसे सभी ने देखा समाज प्रगति संस्था के कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार ने बताया की धारिणी में भी मंडला से मिलते जुलते अनेक वनोपज उपलब्ध है। भ्रमण दल को अंजनिया में स्थित वन धन केंद्र का भी भ्रमण कराया गया वहा पर शहद कार्य एवं अन्य फ़ूड प्रोसेसिंग की जानकारी केंद्र प्रभारी बालसिंह ठाकुर के द्वारा दी गई एवं वहां पर बन रहे उत्पादों को दिखाया गया भ्रमण दल को मार्केटिंग से जुडी जिज्ञासा का समाधान किया गया एवं सीडीवीडी संस्था के द्वारा जंगल फ्रेश ब्रांड केसे बना इसकी जानकारी दी गई।

## पथ विक्रेताओं को मिलेगा ऋण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगरपालिक परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र के 1661 पथ विक्रेताओं को ऋण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत फुटपाथ और सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नगरपालिका ने सभी पथ विक्रेताओं, जैसे सब्जी, फल, चाय-नाश्ता, कपड़ा, जूते-चप्पल, फास्ट फूड, पूजा सामग्री, खिलौने, रेहड़ी-पटरी एवं अन्य छोटे व्यवसाय करने वालों से अपील की है कि वे अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण अवश्य कराएं। जिन विक्रेताओं का पंजीयन नहीं हुआ है उनका पंजीयन भी नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत इच्छुक हितग्राही कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इसमें तीन चरणों में ऋण सुविधा उपलब्ध है, पहले चरण में 15 हजार रूपए दूसरे चरण में 25 हजार रूपए और तीसरे चरण में 50 हजार रूपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिया जाएगा।

## जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 30 अप्रैल को नरसिंह जयंती के अवसर पर हेलीकॉप्टर द्वारा नरसिंहपुर जिले में आगमन होना प्रस्तावित है। जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने कानून एवं सुरक्षा की दृष्टि से कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक चावरा विद्यापीठ के पास हेलीपैड के लिए प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्री पारशनाथ मिश्रा, नरसिंह मंदिर परिसर में मंच कार्यक्रम स्थल के लिए अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोटेगांव एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी गोटेगांव श्रीमती संघमित्रा गौतम व तहसीलदार गोटेगांव एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी गोटेगांव श्री नीरज तखरया, नरसिंह मंदिर परिसर मंच कार्यक्रम स्थल डी (पुरूष दीर्घा) के लिए प्रभारी तहसीलदार नरसिंहपुर एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्री विक्रम सिंह ठाकुर व (महिला दीर्घा) के लिए नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती अनु जैन, होटल सावित्री सिग्नेचर से गुलाब चौराहा तक रोड शो के लिए तहसीलदार व कार्यपालिक दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्री गौरीशंकर शर्मा, प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी चीचली बाबईकला श्री नितिन राय एवं प्रभारी तहसीलदार व कार्यपालिका दंडाधिकारी करपगांव श्रीमती चंदन तिवारी, सेफ हाउस के लिए नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी करेली श्री महेश कुमार बट्टी आदि उपर्सि्थत रहे।

## दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

मण्डला(स्वतंत्रमत)

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ऑपरेशन मुस्कान अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लापता गुम बाल-बालिकाओं की खोज बाल तस्करी की रोकथाम तथा उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कराना है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए जा रहे है तथा अभियान की सतत मॉनिटरिंग सतीश कुमार चतुर्वेदी द्वारा की गई। अभियान अवधि में पुलिस द्वारा कुल 2 बालक एवं 39 बालिकाओं सहित 41 बच्चों को दस्तयाब कर सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों की सक्रिय भूमिका रही विशेष रूप से कोतवाली, बम्हनी, बिछिया, घुघरी, बीजाडांडी, नैनपुर एवं मोहगांव थानों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया, वहीं मोतीनाला एवं बीजाडांडी थाना द्वारा शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की गई।

# एक दिन की राहत, फिर शुरू हुई तपाहट

## आगे और बढ़ सकता है पारा, हीटवेव की चेतावनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



जिले में अप्रैल के अंतिम दिनों में भीषण गर्मी पड़ रही है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे दिन में लू जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में हल्के उतार-चढ़ाव के साथ आंशिक राहत के संकेत दिए हैं। सोमवार को मिली हल्की ठंडक के बाद मंगलवार को एक बार फि शहर में गर्मी चरम पर रही। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री एंव न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री पर रहा। जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के मुताबिक आज बुधवार को तापमान 40 से 41 डिग्री और आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

### रह सकते हैं हल्के बादल

गुरुवार को तापमान 42 डिग्री के साथ हल्के बादल दिख सकते हैं, जबकि शुक्रवार तक तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने के साथ गर्मी में फिर बढ़ोतरी होगी। मौसम में हल्का उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन फिलहाल तेज गर्मी से बड़ी राहत की उम्मीद कम है। अप्रैल के शुरुआती दिनों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री था, जो महीने के अंतिम सप्ताह में बढ़कर 44 डिग्री के आसपास तक पहुंच गया है। इस तरह लगभग 5-6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### अलनीनो के असर से बढ़ा तापमान

इस साल अलनीनो प्रभाव के कारण तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। दिन और रात दोनों का तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है, जिससे लू के दिनों में वृद्धि हुई है और बारिश की गतिविधियां कमजोर पड़ रही हैं। देश के कई हिस्सों की तरह मध्य प्रदेश में भी हीटवेव की स्थिति इसी कारण मजबूत बनी हुई है। जबलपुर में फिलहाल गर्मी से बड़ी राहत के कोई संकेत नहीं हैं। अलनीनो के प्रभाव के कारण इस साल अप्रैल के अंत में ही मई जैसी भीषण गर्मी महसूस हो रही है।

## शराब पीने के लिये रूपए ना देने पर मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। थाना पनागर में मारपीट में घायल महिला को उपचार के लिए पनागर अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को 30 वर्षीय आकंक्षा केवट निवासी पनागर ने बताया कि उसका जेठ संजू केवट आया एवं उससे जबरन शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज करते हुये उस पर चाकू से हमला कर जांच मे चोट पहुंचा दी दुबारा चाकू से हमला करने पर उसने हाथ से रोक लिया तो उसके अंगूलियो से कट कर खून निकलने लगा शोर सुनकर लोग आने लगे तो जेठ संजू केवट जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

### संजय श्रीवास्तव का निधन



जबलपुर। गौरीघाट स्थित ब्रह्मऋषि कॉलोनी निवासी संजय श्रीवास्तव का 52 वर्ष में आकस्मिक निधन हो गया। आप उत्कर्ष एवं विहान श्रीवास्तव के पिता है। अंतिम यात्रा बुधवार आज 29 अप्रैल को प्रातः 10 उनके निवास से गौरीघाट मुक्ति धाम प्रस्थान करेगी





## कलेक्ट्रेट परिसर में युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

### गढ़ा क्षेत्र के पार्षद पर लगाए गंभीर आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान हाई वोलटेज ड्रामा देखने मिला जब एक युवक ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को आत्मघाती कदम उठाने से रोका। पीड़ित युवक ने क्षेत्रीय पार्षद और एक अन्य व्यक्ति पर उसकी पुश्तैनी जमीन धोखाधड़ी से बेचने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने सिद्धार्थ गौतम और पार्षद मनीष पटेल पर उसकी 2 एकड़ जमीन हड़पने का आरोप लगाया है।

### जान से मारने की धमकी का आरोप

युवक के अनुसार सिद्धार्थ गौतम ने पार्षद मनीष पटेल की मिलीभगत से इस भूमि को 40 लाख रुपए में विक्रय कर दिया। युवक ने यह भी बताया कि पार्षद द्वारा उसे लगातार डराया-धमकाया जा रहा है और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इस मामले की शिकायत पूर्व में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से की गई थी, परंतु कोई ठोस कार्यवाही न होने के कारण उसे कलेक्ट्रेट में यह कदम उठाना पड़ा। कलेक्ट्रेट परिसर में हुए इस घटनाक्रम के बाद पुरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल युवक को उचित जांच का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ गौतम और पार्षद मनीष पटेल पर लगे आरोपों की झाँच कर रहे है। पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



## गेहूं उपार्जन हेतु आवश्यक प्रबंध और कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करें

### संभागायुक्त ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने संभागीय अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर लंबित समयावधि पत्रों के प्रतिवेदन समय सीमा में प्रेषित करने हेतु संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। संभागायुक्त द्वारा गेहूं उपार्जन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा जानकारी दी गई कि संभाग अंतर्गत वर्तमान में कुल 444 उपार्जन केंद्रों पर किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी की कार्यवाही जारी है। इस वर्ष संभाग में कुल 255807 कृषकों ने अपनी उपज विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा यह जानकारी भी दी गई कि उपार्जन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर से लेकर प्रत्येक उपार्जन केंद्र तक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है एवं शासन निर्देशानुसार कृषकों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, छायादार सेड सहित आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गयीं हैं। संभागायुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियुक्त नोडल अधिकारी सभी उपार्जन केंद्रों पर कृषकों के लिए शुद्ध पेयजल, छायादार शेड आदि आवश्यक सुविधाओं के लिए सघन भ्रमण करते हुए नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। एवं गेहूं उपार्जन के सम्बन्ध में शासन निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंधन एवं कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जावे।

## ललपुर घाट में युवक की डूबने से मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। तिलवारा थाने में मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि 30 वर्षीय विनायक राय निवासी ग्राम एकसार थाना सिकंदरपुर ,बलिया (उ.प्र). को ललपुर घाट मे नर्मदा नदी मे नहाते समय पानी मे डूब जाने के कारण दोपहर एक बजे लाया गया था जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामला जाचं में लिया गया है ।

## तीन बुजुर्ग महिलाओं से हुई सरेराह लूट

### संजीवनी, गोरखपुर और कोतवाली थाना क्षेत्र से सामने आई वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। संस्कारधानी में एक ही दिन तीन बुजुर्ग महिलओं को निशाना बनाते हुए उनकी सोने की चैन लूट ली गयी। हैरान करने वाली बात यह है की वारदात में दो आरोपी बाइक में आये और एक ही तरीके से तीनों वारदातों को अंजाम दिए। पुलिस ने सभी मामलों की शिकायत दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू करदी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला मामला संजीवनी नगर थाने का है जहां मे 67 वर्षीय अलका चौधरी जैन निवासी त्रिमूर्ति नगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अपनी समधिन सुधा जैन के साथ बत्सला पैराडाईज विजय नगर से ई -रिक्शा मे बैठकर अपने रिस्तेदार के यहां बैठने के लिए आयी थी जैसी ही घर के सामने ई रिक्शा से ऊतरी उसी समय एक



बाइक मे दो अज्ञात व्यक्ति पीछे से आये जिसमें एक मोटर साइकिल मे बैठा रहा एक व्यक्ति उसके पास आया और 15 ग्राम वजनी सोने की चेन छीनकर उसे धक्का देकर बाइक मे बैठ गया और दोनों आरोपी भाग गये , थाना कोतवाली मे 60 वर्षीय किरण जैन निवासी जगदम्बा कालोनी तुलसी नगर ,कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह मोपेड से अपनी बहु के साथ शिवनगर जैन मदिर से अपने घर वापस आ रही थी तभी रास्ते में बाइक सवार 2 लडके पीछे से आये और गाडी रोकने के लिये बोले डर के कारण बहु ने गाडी को धीमा किया तभी मोटर सायकिल चालक ने स्कूटी मे धक्का मार दिया जिससे वह रोड पर गिर पड़ी बाइक मे पीछे बैठा लडका तौलिया बांधे था जिसने उनके गले से 10 ग्राम वजनी सोने की चैन छीन ली और तेजी से भाग गये। इसी प्रकार एक मामला गोरखपुर थाने से भी प्राप्त हुआ जहां 40 वर्षीय विजय कुमार पृथ्यानी निवासी टेगौर नगर, ग्वारीघाट ने बताया की सुबह वह अपनी गाडी से मां मीना पृथ्यानी को पीछे बैठाकर चौथा पुल की तरफ जा रहा था । जैसे ही भंडारी अस्पताल के आगे राजुल अपार्टमेंट के सामने पहुंचा तभी बाइक मे सवार दो लडके आये और उससे औऱ उसकी माँ के साथ झूमाझपटी कर मां के गले मे पहनी सोने की चैन को छीनकर चौथा पुल की ओर भाग गये । पीछे वाले लडके ने महरुन कलर का शर्ट पहना था तथा सफेद कलर का गमछा ओढा था।

पुलिस ने चैन स्नेचिंग की सभी वारदातों की शिकायत दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू करदी है।

## शराब पीने के लिये रूपए ना देने पर मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। थाना पनागर में मारपीट में घायल महिला को उपचार के लिए पनागर अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को 30 वर्षीय आकंक्षा केवट निवासी पनागर ने बताया कि उसका जेठ संजू केवट आया एवं उससे जबरन शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज करते हुये उस पर चाकू से हमला कर जांच मे चोट पहुंचा दी दुबारा चाकू से हमला करने पर उसने हाथ से रोक लिया तो उसके अंगूलियो से कट कर खून निकलने लगा शोर सुनकर लोग आने लगे तो जेठ संजू केवट जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

## एड. हाजी अयाज खान बने महासचिव

जबलपुर।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा की अनुशंसा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर ने एड. हाजी अयाज खान को प्रकोष्ठ की प्रबंध समिति में प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया हैं। उनकी नियुक्ति पर हाजी जावेद खान, रितेश गुप्ता बंटी, प्रवेंद्र चौहान, सरदार दलवीर जस्सल, सुमन जैन, अशरफ मंसूरी, फैजान कुरैशी, मंजू पिल्ले, अल्बर्ट एंथोनी, अतुल जोसफ, अशोक यादव, जितेन्द्र यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## 21 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराएंगी भजन गायिका

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



प्रसिद्ध भगवा रंग भजन गायिका शहनाज़ अख्तर एक बार फिर अपनी समाज सेवा को लेकर चर्चा में हैं, अपनी आवाज़ से लाखों दिलों पर राज करने वाली शहनाज़ अख्तर अब 21 निर्धन और निराश्रित कन्याओं के जीवन में खुशियों का रंग भरने जा रही हैं। आगामी 5 मई को संस्कारधानी में एक भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहनाज़ अख्तर खुद की कमाई से इन बेटियों का घर बसाएंगी, एक प्रेसवार्ता के दौरान शहनाज़ अख्तर ने इस पुनीत कार्य की घोषणा की उन्होंने बताया कि इस वर्ष 5 मई 2026 को 21 जोड़ों का नि:शुल्क सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा, इस आयोजन की खास बात यह है कि इसके लिए किसी से भी कोई आर्थिक सहायता या चंदा नहीं लिया गया है, शहनाज़ अख्तर का कहना है कि उन्होंने भजनों के माध्यम से जो भी धन अर्जित किया है, उसे वे अब धर्म और पीड़ित मानव की सेवा के कार्यों में लगाना चाहती हैं। दस्तावेजों की बारीकी से जांच के बाद ही इन 21 जोड़ों का चयन किया गया है, जिनमें 10 जोड़े जबलपुर के और बाकी अन्य क्षेत्रों से हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि गरीब बच्चियों का विवाह हम अपनी ओर से कर रहे हैं, बिना किसी से कुछ सहायता प्राप्त किए।

## फर्जी किरायानामा बनाकर भतीजे ने चाचा को ठगा

जबलपुर (स्वतंत्र मत) । भेड़ाघाट क्षेत्र की एक दुकान का फर्जी किरायानामा बनाकर कब्जा करने का मामला सामने आया है। धनवंतरी नगर निवासी विपिन तंतुवाय ने तेवर निवासी आशीष शुक्ला और शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे पर धोखाधड़ी, जबरन कब्जा और लूटपाट के आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत देते हुए विपिन तंतुवाया ने आरोप लगाया कि 28 दिसंबर 2025 को न्यू फौजी ढाबा के लिए 11 महीने का किरायानामा कराया गया था। इस दौरान 30 हजार एडवांस व लगभग 1.20 लाख किराया लिया गया। बाद में एग्रीमेंट तोड़कर उसी स्थान को किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया। विपिन ने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल को उनकी गैरमौजूदगी में आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ ढाबे में घुसकर तोड़फ़ोड़ और लूटपाट की गयी । इस मामले में नया मोड़ तब आया जब आशीष शुक्ला के चाचा विनोद कुमार शुक्ला भी सामने आए उन्होंने दावा किया कि संबंधित दुकान उनके नाम पर पंजीकृत है। विनोद शुक्ला ने आरोप लगाया कि उनके भतीजे आशीष ने उनकी जानकारी के बिना उनकी दुकान का फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर उसे किराए पर दे दिया। विनोद शुक्ला का कहना है कि पहले फर्जी एग्रीमेंट के जरिए दुकान एक किराएदार को दी गई और अब दूसरा फर्जीवाड़ा कर उसी दुकान को एक शराब कारोबारी को किराए पर दे दिया गया है, जबकि संपत्ति का स्वामित्व उनके पास है। दोनों पक्षों ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## एक मई से किसानों को मिलेगी शत-प्रतिशत खाद

### खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है कि आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी है कि वर्तमान में जिले के पास कुल 36,948 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडार मौजूद हैए जिसमें यूरियाए डीएपीए एनपीकेए एसएसपी और एमओपी जैसी सभी प्रमुख खादें शामिल हैं। चूंकि अभी फसलों की बोनी का मुख्य सीजन शुरू नहीं हुआ हैए इसलिए वर्तमान में ई.विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी पात्रता का 50 प्रतिशत डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन की योजना के अनुसारए आगामी 1 मई से खरीफ की बोनी के लिए किसानों को ई.विकास प्रणाली के जरिए डीएपीए एसएसपीए एमओपी और एनपीके के सभी ग्रेड 100 प्रतिशत मात्रा



मं मिलने लगेंगे।

यूरिया के वितरण को लेकर विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। बोनी के समय किसानों को कुल जरूरत का 50 प्रतिशत यूरिया दिया जाएगाए क्योंकि फसल की शुरुआती अवस्था में इतनी ही आवश्यकता होती है। इसके बादए फसलों में टॉप ड्रेसिंगश् यानी ऊपरी छिड़काव के लिए शेष 50 प्रतिशत यूरिया का वितरण 15 जून से शुरू किया जाएगा। इस सुव्यवस्थित वितरण प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर किसान को उसकी जरूरत के समय सही मात्रा में खाद मिल सके और जिले में खाद की कोई किल्लत न हो।

## जीआरपी ने पकड़ी शातिर चोरों की गैंग

### ट्रेनों में यात्रियों को बनाते थे निशाना

जबलपुर।



ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर चोरों को पकडने् में जीआरपी को सफलता मिली है। पकड़े गए चोरों के पास से जीआरपी को 2 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर मिले हैं। पकड़े गए चोरों ने जीआरपी और भी चोरी के मामलों में पूछताछ कर रही है। जीआरपी की पूछताछ में चोरों ने यह कबूल किया है कि वे ट्रेनों में सो रहे यात्रियों को निशाना बनाते थे। आरोपी कई दिनों से स्टेशन में और ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते आ रहे हैं। जिनकी जीआरपी को कई दिनों से तलाश थी। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि निगरानी शुदा बदमाश संजय उर्फ संजू मेश्राम उर्फ बंदर साई नगर काली मंदिर के पास मांडवा बस्ती रामपुर थाना गोरखपुर, चोरी का सामान बेचने की फिराक में है। मुखबिर सूचना पर तस्दीक की जाने पर संजय मराठा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जहां आरोपित ने अपने साथियों नित्तू उर्फ नीतेश, राजू उर्फ राजकुमार के साथ मिलकर फरियादी का मशरूका यात्रा के दौरान चोरी करना स्वीकार किया जिनसे सघन पूछताछ किये जाने पर 12 नग सोने के गुरिया, एक सोने का मंगलसूत्र का पैण्डल, सोने के टॉप्स, चांदी की बिछिया, फरियादी के कपड़े कुल कीमत 2,07,700 रुपये का मशरूका बरामद किया गया। चोरों ने ट्रेनों में चोरी करने के तरीके को भी बताया है। चोरों ने बताया कि वे पहले ट्रेनों में घूमघूमकर रैकी करते थे। जिस बर्थ पर यात्री गहरी नींद में सोया हुआ दिखता था उस पर नजर बनाए रखते थे। मौका मिलते ही उसका सामान लेकर रफूचक्कर हो जाते थे।

## युवक ने बढ़ाया मदद का हाथ, एक्टिवा लेकर गायब हुई युवती

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गोरखपुर थाने में 32 वर्षीया ओम प्रकाश बेन निवासी सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पीछे थाना गोरखपुर ने बताया की 2 मार्च की शाम वहं एमपीईबी तरंग रामपुर घूमने गया था। वहीं पर तीन युवतियां एक्टिवा में आयी जिनका आपस में विवाद हो गया था । उन्होंने एक युवती से मारपीट कर उसके कपडा फाड दिये और दोनो युवती एक्टिवा लेकर चले गई। इसी बीच तीसरी युवती रो रही थी । जिससे उसने पूछा क्या हो गया तब युवती बताई की वह लोग सहेली हैं। तीनों के बीच में झगडा हो गया। जो उसे छोड कर भाग गयी है। युवती ने कहा कि उसे आधारताल जाना है। युवती का नाम सुहानी केवट था। युवक ने मदद करने के उदेश्य से अपनी एक्टिवा देते हुये सुहानी केवट को बोला की रामपुर चौक आकर मुझे मोबाइल कांल करना मैं आकर अपनी एक्टिवा ले लूगां। लेकिन आज तक सुहानी केवट ने एक्टिवा वापस नहीं की है जिसकी नियत खराब होने से अमानत में खयानत कर एक्टीवा को हडप लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

**गोरखपुर थाने का मामला, जांच में जुटी पुलिस**

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में संभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

### 3 दिवसीय चलेगी प्रतियोगिता, दर्जनों विद्यार्थियों ने लिया भाग





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार से संभाग स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। दिनांक 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होने वाले बॉक्सिंग, जूडो, ताइक्वांडो और स्केटिंग प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 200 विद्यार्थी और 45 अनुरक्षण शिक्षक भाग ले रहे हैं। उदघाटन समोराह में विद्यालय के प्राचार्य पीबी पांडेय, उप.प्राचार्या सुनीता केसर, मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल फोगाट और विभिन्न खेलों के निर्णायक भी उपस्थित रहे।

### पत्रिका का हुआ विमोचन

विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ और शाल देकर किया गया। तदुपरांत समारोह में उपस्थित निर्णायक मंडल का भी स्वागत किया गया। स्वागत की इस बेला के बाद विद्यालय के प्राचार्य ने आशीर्वचन देते हुए बच्चों को खेल भावना से खेल खेलने की प्रेरणा दी। खेल शिक्षक निमिष श्रीवास्तव द्वारा तीन दिवसीय खेलो की दिनवार जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने विद्यालय पत्रिका का विमोचन किया और खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुभारंभ की घोषणा की द्य कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्राचार्या सुनीता केसर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक मनोज तिवारी द्वारा किया गया।

# बोनकट्टा में सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं तहसीलदार ने दी सख्त चेतावनी

कटंगी(स्वतंत्र मत)।



कटंगी से तुमसर मुख्य सड़क मार्ग पर बोनकट्टा की सीमा में गांव के बाहरी इलाके में स्थित ढोर फोड़ी की सरकारी ज़मीन पर वर्षों से चल रहे अतिक्रमण को प्रशासन ने सख्ती से हटाने की कार्रवाई की। मंगलवार की दोपहर 2 बजे शुरू हुई यह कार्रवाई शाम 04 बजे तक चली और पूरा अतिक्रमण जमींदोज कर दिया गया।

इस कार्रवाई से प्रशासन ने न केवल ज़मीन को मुक्त कराया बल्कि यह संदेश भी दिया कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्ज़ा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले ने जानकारी देते हुए बताया कि बोनकट्टा में प.ह.नं. 17 की खसरा नंबर 59 की 0.082 हेक्टेयर शासकीय ढोर फोड़ी मद की भूमि पर गांव के ही प्रहलाद पिता सितरु झोड़े ने अवैध तरीके से कब्जा कर आवास का निर्माण किया था और कुछ भूमि में कृषि कार्य कर रहा था। अतिक्रमणकारी को कई बार अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किया गए किंतु लगातार नोटिस मिलने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाएं जाने पर प्रशासकीय कार्रवाई करने के लिए एक टीम का गठन कर पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार पी.एल.सांडिया, सहायक उपनिरीक्षक दादूराम पटले, पटवारी प्रहलाद कुमरे, प्रशांत राणा, शिवानी दीक्षित और पुलिस अमला मौजूद रहा। अतिक्रमणकारी ने शासकीय भूमि में अवैध निर्माण कर रखा था जहां सेंट जार्ज माध्यमिक विद्यालय नाम का स्कूल किराए से संचालित कर रहा था। इस अवैध निर्माण के ध्वस्त होने के बाद इस स्कूल के बच्चे कहां बैठकर पढ़ाई करेगें यह भी सवाल बना हुआ है।

यह ज़मीन सरकारी रिकॉर्ड में ढोर फोड़ी के उपयोग के लिए दर्ज थी। ढोर फोड़ी का मतलब वह जमीन होती थी। जहां मृत मवेशियों के शरीर की खाल उतारी जाती थी। यह काम एक विशेष समुदाय के लोग किया करते थे। वह लोग खाल उतारकर उसका उपयोग किसानों के कृषि कार्य में उपयोग आने वाले उपकरण हल, दतारी में प्रयोग होने वाली रस्सी बनाने के लिए करते थे। एक दौर में मवेशियों के चमड़े का उपयोग कुएं से पानी निकालने के लिए बर्तन के तौर भी किया जाता था।

जिसे ग्रामीण अंचलों में बोल–चाल की भाषा में मोट कहा जाता था। लेकिन करीब ढाई दशक से खुले में ढोर फोड़ने का काम बंद है। ऐसे में ढोर फोड़ी के नाम दर्ज भूमि खाली है और वहां तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। जिसे रोकने की कार्रवाई निरंतर जारी है। तिरोड़ी तहसीलदार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई इसी दिशा में किया गया प्रयास है। बताया जा रहा है अब उस जमीन पर ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

## कूलर में करंट लगने से युवक की मौत

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** हट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरगांव में सोमवार देर रात एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहां कूलर में अचानक आए करंट की चपेट में आने से 32 वर्षीय युवक परमेश बाहेश्वर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, 27 अप्रैल की रात करीब 8 बजे परमेश अपनी पत्नी रीना और छोटी बेटी के साथ ग्राम कटंगी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था।

वहां से भोजन करने के बाद रात करीब 10-30 बजे वह घर लौटा। बताया जाता है कि घर आने के बाद परमेश फिर अकेले ही गांव में धनलाल हरदे के यहां एक अन्य शादी में चला गया, जबकि उसकी पत्नी बच्चों के साथ घर पर ही थी। देर रात करीब 12 बजे जब रीना की नींद खुली तो उसने देखा कि परमेश कूलर के पास झुके हुए हैं। उसने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। घबराई रीना जैसे ही पति को उठाने के लिए पास पहुंची, उसे भी करंट का तेज झटका लगा।

# रजेगांव चेक पोस्ट पर वाहनों की आकस्मिक जांच

**नयम विरुद्ध संचालन पर मातोश्री ट्रेवल्स की दो बसों पर 01 लाख का जुर्माना**

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।




जिले में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यात्री वाहनों के नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रजेगांव चेक पोस्ट पर सोमवार, 28 अप्रैल को आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान मातोश्री ट्रेवल्स की दो बसें नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाई गईं, जिन पर कुल 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि जांच के दौरान संबंधित बसें बिना परमिट और बिना पंजीयन के संचालित हो रही थीं। इसके साथ ही वाहनों में सड़क सुरक्षा मानकों का भी उल्लंघन पाया गया, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में न केवल जुर्माना लगाया जाता है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर वाहन जब्ती और अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाती है।

जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन न करें और सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिवहन विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे यात्रा के दौरान केवल वैध और नियमों का पालन करने वाले वाहनों का ही उपयोग करें, ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके

# बस स्टैंड पर एलईडी विवाद गरमाया

**पार्षद चौकसे की चेतावनी : 30 अप्रैल तक नहीं हटा ढांचा तो 1 मई से धरना**

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** नगर परिषद कटंगी के बस स्टैंड में एलईडी स्क्रीन लगाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद मनीष चौकसे ने इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 30 अप्रैल तक लगाए गए ढांचे को नहीं हटाया गया, तो वे 1 मई (मजदूर दिवस) से धरने पर बैठेंगे। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में वारासिवनी के एक व्यक्ति द्वारा एलईडी स्क्रीन लगाने के लिए ढांचा तैयार किया जा रहा है। इस पर सवाल उठाते हुए पार्षद चौकसे ने कहा कि बस स्टैंड में छोटे व्यापारियों को भी दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाती, ऐसे में बाहरी व्यक्ति को एलईडी लगाने की अनुमति कैसे दी गई, यह गंभीर जांच का विषय है। इस मुद्दे को लेकर हाल ही में नगर परिषद की बैठक में भी चर्चा हुई, जहां प्रभारी अध्यक्ष को छोड़ अधिकांश पार्षद चौकसे के समर्थन में नजर आए। चौकसे का आरोप है कि बिना पार्षदों को जानकारी दिए इस तरह की अनुमति देना नियमों के खिलाफ है।

उन्होंने यह भी कहा कि पांच साल पहले इसी स्थान से स्थानीय लोगों को हटाया गया था, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई थी। अब बाहरी व्यक्ति को अनुमति देना अन्यायपूर्ण है। चौकसे ने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा तक कार्रवाई नहीं होने पर वे हर हाल में धरने पर बैठेंगे।

# क्रैश बेरियर से टकराई बाइक, 1 की मौत

कटंगी (स्वतंत्र मत)।



कटेधरा से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर सीतापठोर के जंगल में एक तेज रफ्तार बाइक क्रैश बेरियर से जाकर टकरा गई। सड़क हादसे में बाइक सवार एक 36 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि एक अन्य 42 वर्षीय शख्स गंभीर रुप से घायल हुआ है। जिसे सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। तिरोड़ी पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार 28 अप्रैल की दोपहर 12 बजे के आसपास हादसा हुआ है। सड़क हादसे में खरपड़िया निवासी इतवारी लाल पिता हरिलाल वरकड़े की दर्दनाक मौत हो गई वहीं बाइक में सवार विनोद पिता राजेश सलामे घायल हुआ है। सड़क हादसे की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि मर्ग कायम कर दोपहर साढ़े 03 बजे शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हायर सेकण्डरी की परीक्षा में जारी अंकसूची में स्वाध्यायी से नियमित करवाये जाने की मांग

**उमरिया।** अमित प्रजापति पिता श्री बेसाहू लाल प्रजापति निवासी ग्राम चिल्हारी ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि स्थानीय विद्यालय शास0 उच्च0 माध्य0 विद्या0 चिल्हारी में कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का नियमित छात्र रहकर सत्र 2025–26 में परीक्षा में सम्मिलित हुआ। परीक्षा का परीक्षा परिणाम जो घोषित किया गया है उसमें मुझे स्वाध्यायी कर दिया गया है तथा मेरी हिन्दी व अग्रेजी विषय के प्रोजेक्ट के अंक अंकसूची में प्रदर्शित नही हो रहे है। जिस वजह से प्रार्थी के भविष्य में अनिश्चित्ता की स्थिति बनी हुई है, मेरे द्वारा प्राचार्य से व्यक्तिगत संपर्क करने पर यह बताया जा रहा है कि । प्रविष्टि हमारे कार्यालय द्वारा दर्ज नही कराई गई है।

यह वरिष्ठ कार्यालय (मंडल) द्वारा दर्ज है और हम इस सबंध में कोई प्रतिक्रिया देने में असमर्थ है। प्रार्थी के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उक्त त्रुटि सुधार हेतु सविनय प्रार्थी निवेदन कर रहा है। उन्होने मांग कि है कि प्रकरण की यथाशीघ्र जांच करवाकर निराकरण कराया जाए ताकि मैं अपने महाविद्यालयीन अध्ययन जारी रख सकूं।

**टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में बड़ी सेंधमारी**

# ताला गेट से बिना अनुमती के घुसी निजी इनोवा कार, वन रक्षक निलंबित



**उमरिया ।** विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में सुरक्षा को लेकर बड़ी सेंधमारी सामने आई है लिए,सोमवार की शाम इनोवा कार में सवार तीन पर्यटक टाइगर रिज़र्व के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले ताला गेट से बिना अनुमती के बीट गॉर्ड की मौजूदगी में प्रवेश कर गए जबकि टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में पर्यटक ज़िपसी के अलावा कोई अन्य वाहन की अनुमती नहीं है। इनोवा वाहन जैसे ही पार्क के कोर क्षेत्र में भ्रमण करने लगा वैसे ही वहां पहले से मौजूद पर्यटक जिपसी वाले हैरान हो गए और प्रबंधन को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद इनोवा वाहन को बाहर निकला गया पार्क प्रबंधन ने ताला गेट के प्रभारी वन रक्षक को निलंबित कर दिया है और घटना की जाँच की जा रही है।

# अतिथि शिक्षकों को माह-दिसम्बर 2025 से नही मिला वेतन

उमरिया (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर सभागार उमरिया में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में संदीप कु. पटेल, शहीद मोहम्मद तथा मनीष पटेल ने उपस्थित होकर बताया कि सत्र 2025–26 में हम सभी अतिथि शिक्षक शासकीय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर मानपुर, अतिथि शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। किन्तु माह दिसम्बर 2025 से आज दिनांक तक कि स्थिति में समस्त अतिथि शिक्षकों का पारिश्रमिक भुगतान नहीं हुआ । वेतन के भुगतान का नही होने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है। उन्होने मांग कि है कि शीघ्र पारिश्रमिक भुगतान कराया जाए।

**जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे**

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय कि अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में ए एन सी पंजीयन, प्रथम तिमाही मे ए एन सी पंजीयन, कुल प्रसव, एचपी वैक्सीनेशन, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, बाल मृत्यु समीक्षा का प्रतिशत, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, पोशण पुर्नवास केंद्र मे भर्ती किए गए बच्चो की संख्या, सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम स्क्रीनिंग एवं उपचार, विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

बैठक मे बताया गया कि ए एन सी पंजीयन के तहत 25401 मे से 13748 पंजीयन किए जा चुके है। प्रथम तिमाही मे ए एन सी पंजीयन के तहत 13567 के तहत 11484 पंजीयन किए जा चुके है। एचपीव्ही वैक्सीनेशन अभियान के तहत 7185 मे से 6789 बच्चियो का टीकाकरण किया जा चुका है। टीकारण के कार्य में 20306 मे से 17094 का टीकाकरण किया जा चुका है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में लक्ष्य से अधिक 159863 व्यक्तियो की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

पोषण पुर्नवास केंद्र की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि पोषण पुर्नवास केंद्र में बेड खाली नही रहे।

कुपोषित बच्चों को भर्ती कराकर उन्हे कुपोषण से मुक्त कराए तथा निर्धारित 14 दिनो के फॉलोअप भी करना सुनिश्चित करें तथा उसके बाद भी बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार नही आता है तो उसे पुनः एनआरसी केंद्र में भर्ती कराएं। एनआरसी मे बेड खाली पाए जाने पर सख्य कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, सीएमएचओ डा व्ही एस चंदेल, सिविल सर्जन डा के सी सोनी, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने 170 आवेदन पत्रों पर की जनसुनवाई



**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलों से आए हुए 170 आवेदकों ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपनी समस्याओं का आवेदन देते हुए अपर कलेक्टर पी.एस. त्रिपाठी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर कलेक्टर त्रिपाठी ने आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए जनसुनवाई में उपस्थित जिला अधिकारियों से कई आवेदनों का निराकरण कराया।

जनसुनवाई के दौरान अधिकांश समस्याएं विद्युत व्यवस्था से संबंधित रहीं, जिसे तत्परता के साथ सुधार करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपर कलेक्टर द्वारा दिए गए। वहीं कुछ आवेदनकर्ताओं द्वारा विस्थापन से संबंधित समस्याओं के आवेदन दिए गए, जिनका भी निराकरण नियमानुसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई के दौरान सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, अखिलेश सिंह, एसडीएम सुरेश जाधव सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध मदिरा विक्रय एवं धारण के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**उमरिया।** अवैध शराब के विरूद्ध सतत् अभियान अभियान चलाए जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय द्वारा आबकारी विभाग को दिए गए है। निर्देश के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी उमरिया सावित्री भगत के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अमरपुर हाइवे स्थित भाई ढाबा के संचालक जहीर खान पिता रसीद खान के कब्जें से देशी विदेशी मदिरा, रामखेलावन जायसवाल बचहा, ग्राम सेमरा में नंदीलाल एवं संतराम, बकेली उमरिया में आरोपिया रामलली चौधरी एवं रागिनी रजक, सिगुड़ी में सत्येन्द्र पटेल परासी से लल्लू सिंह तथा ग्राम दमोय में आरोपिया नीता प्रजापति एवं प्रेम बाई के कब्जे से अवैध मदिरा जप्त की गयी । इसी प्रकार वृत्त उमरिया अन्तर्गत सिंह ढ़ाबा संचालक आकाश कुकरेजा, गगन ढाबा विपिन गुप्ता, कौशल यादव के कब्जे से अवैध मदिरा जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) एवं 36 क के तहत कुल 18 प्रकरण पंजीबद्ध कर 210 पाव देशी विदेशी मदिरा जप्त की गयी जिसका अनुमानित मूल्य 16,000 रूपयें है। कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई जिस पर श्रीमति कविता सिंह, राजपति प्रजापति एवं नगर सैनिक जीवनलाल का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित, फरियादियों की समस्याएँ सुनी गई



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ गंभीरता से सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष आवेदनों पर त्वरित एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर उमेश प्रजापति, थाना प्रभारी नवानगर अनिल पटेल, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी, महिला थाना प्रभारी आराधना सिंह परिहार, उप निरीक्षक स्वतंत्र रावत सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है तथा जनहित में ऐसी जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं



**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के दूर दराज से आए 56 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा आवेदन को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित करते हुए निराकरण करने की बात कही । जनसुनवाई में राम निरंजन व्दिवेदी ग्राम कुडी ने रास्ता खुलवाने, रमेश चर्मकार अमृत, दिनेश,कमलेश ग्राम बडवाही ने नाली निर्माण कराने, नत्थूलाल विश्वकर्मा इंदवार ने नक्शा तरमीम कराने, ग्राम पटपरा के समस्त ग्रामवासियो ने जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का लाभ दिलाने, राम प्रसाद तहसील मानपुर ने नकल दिलाने, लंबू बैगा ग्राम खोलखम्हरा ने विकलांगता पेंशन दिलाने, राज कुमार कोल ग्राम तखतपुर ने पीएम आवास दिलाने, संदीप पटेल, शहीद मो0 मनीष पटेल ने माह दिसंबर 2025 से वेतन नही मिलने,गोविंद प्रसाद विश्वोकर्मा चंदवार ने आवागमन हेतु रोड निर्माण कराने का आवेदन दिया गया ।

# आई.पी.एस. स्कूल, यूसीमास विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उमरिया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे

उमरिया (स्वतंत्र मत)



जिले की प्रतिष्ठित आईपीएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उमरिया द्वारा संचालित यूसीमास मेंटल अर्थमैटिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी 2 मई इंदौर में होगी। जिसमें मध्य प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागी भाग लेंगे। उमरिया जिले से आईपीएस स्कूल के 19 विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर में शामिल होंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गणित के जटिल प्रश्न जैसे गुणा, भाग, जोड़, घटाना आदि विद्यार्थियों को 8 मिनट में 200 प्रश्न हल करने होंगे। आगामी दिनों यह पता चलेगा कि कौन से जिले के बच्चे प्रतियोगिता में विनर होते हैं। ज्ञात होवे की यूसीमास उमरिया विगत 13 वर्षों के साथ बच्चों का अच्छा रिजल्ट समूचा मध्य प्रदेश में देता रहा है। संस्था के डायरेक्टर इंजीनियर वसीम खान ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर में होने जा रही हैस विगत दिनों हमारे विद्यार्थियों द्वारा स्टेट लेवल कंपटीशन, नेशनल लेवल कंपटीशन, इंटरनेशनल लेवल कंपटीशन में विजेता रहे, तथा हर वर्ष उमरिया जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता 2 मई 2026 को स्पोर्ट्स कंपलेक्स इंदौर में होगी। तथा पुरस्कार वितरण 3 मई 2026 को रविंद्र नाट्य ग्रह इंदौर में संपन्न कराई जाएगी। उमरिया जिले से सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

# हाथों में मेंहदी लगाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**उमरिया।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर उमरिया जिले में भी कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक अभिनव पहल देखने को मिली, जहां महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाकर जल बचाने का संदेश दिया। इस अनूठी गतिविधि के माध्यम से लोगों को पानी के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रवीन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत धनवाही की महिलाओ ने मेहंदी के जरिए 'जल है तो कल है', जल ही जीवन है, जल गंगा संवर्धन अभियान, जल बचाओ, जीवन बचाओ, जैसे संदेश अपने हाथों पर उकेरे। इस रचनात्मक पहल ने आमजन का ध्यान आकर्षित किया और जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।परामर्शदाता जय भारती साहू ने कार्यक्रम के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना और समाज में पानी के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस दौरान महिलाओ को जल को संरक्षित करने का संकल्प भी दिलाया गया।

## जस्टिस लैब ने किया सेफ्टी ऑडिट

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** स्काई सोशल संस्था भोपाल के मार्गदर्शन में साहस जेंडर जस्टिस लैब द्वारा बिछिया विकासखण्ड के ग्राम लपटी में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति का आंकलन करने के लिए सेफ्टी ऑडिट किया गया। यह ऑडिट चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत ग्राम की महिलाओं के साथ बैठकर उनके अनुभवों और विचारों को प्राथमिकता देते हुए सम्पन्न किया गया। ऑडिट के दौरान महिलाओं ने गांव में असुरक्षित महसूस होने वाले स्थानों समय और कारणों पर खुलकर अपनी बात रखी। सेफ्टी ऑडिट में महिलाओं ने बताया कि गांव के कुछ मार्गों पर स्ट्रीट लाइट न होने, सूनसान रास्तों, शराब की दुकानों के आसपास और सार्वजनिक शौचालयों तक पहुंचने में उन्हें असुरक्षा महसूस होती है। संस्था के प्रतिनिधियों ने समूह चर्चा नक्शा मैपिंग और वॉक-थ्रु विजिट के माध्यम से महिलाओं से जानकारी एकत्र की।

## प्रिंसिपल एम्प्लॉयर पंजीयन अनिवार्य

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कार्यालय श्रम पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी शासकीय विभागों मण्डलों निगमों एवं अन्य संस्थाओं को संविदा श्रमिकों के नियोजन संबंधी नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जो भी विभाग या संस्थाएं ठेकेदारों अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्य विशेषकर निर्माण कार्य एवं अन्य सेवाएं करा रहे हैं उन्हें संविदा श्रम विनियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 की धारा 7 के अंतर्गत प्रिंसिपल एम्प्लॉयर के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है। साथ ही व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य-दशा संहिता, 2020 की धाराओं 47 एवं 50 के तहत भी ठेका श्रमिकों के नियोजन और पंजीयन से जुड़े प्रावधान लागू हैं।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्र मत)।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। इस क्रम में 18 अप्रैल को पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं 21 अप्रैल को कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा एवं लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

## पैथोलॉजी में दिखी लापरवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** निवास तहसील मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल की पैथोलॉजी में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। यहां पर मरीजों को भागाया जा रहा है मरीज की स्थिति गंभीर क्यो ना हो जबकी डॉक्टर ने जांच के लिए भी लिखा हुआ है दूर-दराज से आ रहे मरीज भी परेशान हो रहे हैं जब इस पर सवाल उठाया गया तो लैब स्टाफ ने स्पष्ट कहा कि बिना आधार और मोबाइल नंबर किसी भी प्रकार की जांच संभव नहीं है यह मामला सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की संवेदनशीलता और नियमों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ताओं एवं न्यायिक समुदाय के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर जबलपुर स्थित गोल्डन हार्ट अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंजनेय मिश्रा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं इस अवसर पर शिविर में कुल 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया।


# 'ठन ठन की सुनो झंकार ये दुनिया है कालाबाजार ये पैसा बोलता है' की तर्ज में चल रहा बीईओ कार्यालय, नैनपुर में बाबूराज

मण्डला(स्वतंत्रमत)

सरकारी कार्यालय में बाबूराज जमकर हावी चल रहा है। अधिकारियों के आदेश का भी बाबू पालन नही करते हैं। पूरा कार्यालय मनमर्जी से संचालित होता है। जिससे केवल आम जनता या छोटे कर्मचारियों का नुकसान होता है। खासकर शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सहायक आयुक्त कार्यालय के बाबू तो जमकर रिश्वतखोरी कर रहे हैं। बिना लिए दिए कोई काम यहां नही होता है। जिसका अनुशरण विकासखंडों के सहायक कार्यालय में भी दिखाई देने लगा हैं वर्षो से एक ही कुर्सी में पदस्थ बाबू मनमर्जी से काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नैनपुर का सामने आया है। यहां पर बाबूओं का जलवा देखते ही बनता है। जिसके चलते पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई हैं। आक्रोशित शिक्षकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अनेक आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लाक शाखा नैनपुर के शिक्षकों द्वारा बीईओ कार्यालय नैनपुर की




कार्यप्रणाली के विरोध में जिला कलेक्टर के नाम एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नैनपुर ब्लाक के शिक्षकों की क्रमोन्नति, एचआरए, वेतन-वृद्धि के एरियर का भुगतान विगत दो तीन साल से नहीं किया जा रहा है। छह माह पूर्व तत्कालीन बीईओ सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी और अन्वेषक भाऊ लाल पारधी की कार्यप्रणाली के खिलाफ शिक्षकों के जबरदस्त विरोध के बाद तत्कालीन बीईओ सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी को तो हटा दिया गया लेकिन वर्तमान बीईओ हीरेन्द्र वर्मा के द्वारा अन्वेषक भाऊलाल पारधी और बाबू अशोक यादव की सहायक आयुक्त को लिखित मौखिक शिकायत के बाद भी उन्हें बीईओ कार्यालय नैनपुर से नहीं हटाया जा रहा है जिसके कारण इनका हौसला बढ़ते जा रहा है और अब इनकी सांठ-गांठ से बिना लेन-देन के बीईओ कार्यालय नैनपुर में शिक्षकों के कोई काम नहीं किया जा रहा है। बाबूओं द्वारा कुछ शिक्षकों से ट्रेज़री आफिस में बिल पास कराने के नाम पर वसूली कर क्रमोन्नति एरियर की ऑनलाइन किस्त




जमा की गई है लेकिन जो लेन-देन नहीं करते उनके बिल में या तो जानबूझकर कुछ कमी छोड़ दी जाती है या फिर ट्रेजरी आफिस में सचमुच बिना लेन-देन के बिल में कुछ कमी छोड़कर बिल को रिजेक्ट करा दिया जाता है क्योंकि एक ही तरह के एरियर बिल बार-बार लगाने पर बिल में त्रुटि होने की संभावना बहुत कम होती है। बाबूओं की मिलीभगत के कारण शिक्षकों के एरियर भुगतान में जानबूझकर लापरवाही की जा रही है और इस संबंध में बाबूओं से बात करने पर उपस्थित दर्जनों शिक्षकों के सामने बाबू अशोक यादव द्वारा एरियर का काम करने में सक्षम नहीं होने की बात कही गई है। संयुक्त मोर्चा के शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि यदि बाबू अशोक यादव और अन्वेषक भाऊ लाल पारधी को बीईओ कार्यालय नैनपुर से नहीं हटाया जाता और एक सप्ताह क्रमोन्नति, एचआरए, डीए एरियर की सभी किस्तों का भुगतान नहीं किया गया तो हम एक सप्ताह बाद से बीईओ कार्यालय नैनपुर के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस भीषण गर्मी में हड़ताल के दौरान किसी भी शिक्षक की तबीयत बिगड़ने या अनहोनी होने पर सारी जिम्मेदारी सहायक आयुक्त कार्यालय मंडला की होगी जो बार बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी 100 किमी दूर से अप-डाउन करने और शिक्षिका को बेंझड जैसे शब्द से अपमानित करने वाले अन्वेषक भाऊ लाल पारधी और अनियमित्ताओं के कारण पूर्व में तीन-चार बार निलंबित हो चुके बाबू अशोक यादव को नैनपुर बीईओ कार्यालय में स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य से नहीं हटा पा रहे है जबकि सहायक आयुक्त कार्यालय मंडला से प्रत्येक माह लगभग 4-6 शिक्षकों का नियम विरुद्ध एक ब्लाक से दूसरे ब्लाक में संलग्नीकरण के नाम से स्थानांतरण किया जा रहा है। इसके बाद भी अन्वेषक और बाबू को हटाने की कोई कार्रवाई नहीं करना सहायक आयुक्त कार्यालय के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। इसके कारण आये दिन बाबू और शिक्षकों के बीच काम करने-कराने को लेकर विवाद की स्थिति बन जाती है। ज्ञापन सौंपने में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा नैनपुर की ओर से ब्लाक संयोजक अमरसिंह चंदेला, नरेन्द्र सिंह चौहान, मनीष कटकवार के साथ भूपेन्द्र सिंह चौहान, परसराम उइके, पतिराम डिबरिया, नीरज यादव, दशरथ बर्मन, गिरानी लाल उडावी, हीरालाल मलगाम, शैलेन्द्र शुक्ला, सुनित विश्वकर्मा, संजीव सोनी शामिल रहे।

## ऑटो चालकों की समस्या पर दिया ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

आम आदमी पार्टी ने जिले में ऑटो फिटनेस न होने के कारण ऑटो चलाने में आ रही कठिनाइयों को लेकर जिला परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। लगभग 8 माह से फिटनेस न हो पाने से दुर्घटना के पश्चात बीमा कंपनी द्वारा केस यह बोलकर रिजेक्ट कर दिया जाता है कि पेपर कंप्लीट नहीं है। साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान फिटनेस पेपर न



होने के कारण उन्हें जुर्माना वसूला जाता है और उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। आम आदमी पार्टी के द्वारा मांग की गई है कि 15 दिवस के अंदर फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने की व्यवस्था की जाए। जब तक पेपर न बन जाए किसी प्रकार की चेकिंग कर उन्हें प्रताड़ित न किया जाए। अगर 15 दिवस के अंदर फिटनेस सर्टिफिकेट बनना प्रारम्भ नहीं होते हैं तो आम आदमी पार्टी के द्वारा ऑटो चालकों के सम्मान की लड़ाई के लिए आंदोलन करेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी परिवहन विभाग की होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, अरविंद गढ़ेवाल, संगठन मंत्री नितिन झरिया, संगठन मंत्री जागेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी आशीष वैष्णव एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सूर्यकुंड धाम हनुमान मंदिर समिति के चुनाव सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले के सकवाह स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर सूर्यकुंड धाम में मुख्य संचालक समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मलीन भारती महाराज जी की प्रेरणा एवं सान्निध्य में आयोजित की गई जिसमें समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष आकाश दीक्षित का कार्यकाल विधिवत पूर्ण हुआ। इस अवसर पर उनके कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से देव सिंह सैयाम पूर्व विधायक को समिति का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवगठित समिति की संरचना में संरक्षक भीष्म द्विवेदी, गणेश जसवानी होंगे वहीं अध्यक्ष के रूप में पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, पुजारी मुरलीधर पंडा है। इस अवसर पर बैजनाथ पटेल,



आशीष (बॉवी) रावत, उमाशंकर सिंधिया, शैलेंद्र भांगरे, प्रहलाद कछवाहा, दीनदयाल ठाकुर, भोला सिंह ठाकुर, रमेश विश्वकर्मा, पंडित महेंद्र उपाध्याय, पंडित महेश तिवारी, पंडित उमेश शुक्ला, जागेश्वर प्रसाद कछवाहा, उमाकांत कछवाहा, प्रीतम कछवाहा, रामप्रताप बर्बे, प्रशांत पटेल, लोचन कछवाहा, गोरेलाल पटेल, मुकेश बरमैया, हरिलाल बरमैया, लालाराम कछवाहा, दादूलाल नंदा, पेखनलाल कछवाहा, सीताराम मसराम, विर्जन सिंह, भारतलाल बरमैया, चंद्रेश कछवाहा, शंकर सिंधिया, रितेश कछवाहा, मयूर चौरसिया, मनीष सोनी, कैलाश नंदा, यदुनेश नंदा, मनोज नंदा, रामकुमार नंदा, संदीप नंदा, सुग्रीम नंदा, भीखम नंदा, रुपेश कछवाहा, अब्बू कछवाहा, शुभम कछवाहा, कुंवर कछवाहा, रामकुमार कछवाहा, जवाहर कछवाहा एवं संतु कछवाहा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मंदिर एवं धाम के विकास धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विस्तार चर्चा की गई। नव-नियुक्त अध्यक्ष देव सिंह सैयाम ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समिति के सहयोग से मंदिर के समग्र विकास और क्षेत्र की धार्मिक आस्था को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## भीमंडोंगरी में साइकिल वितरण

मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमंडोंगरी में मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को कम करना है



कार्यक्रम में जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर सुखमन धुर्वे, सरपंच ओम प्रकाश मरावी, करन सिंह मरावी, उप सरपंच हनुमान जाट, समाजसेवी अक्षय कुमार परते, नारायण राय, विद्यालय के प्राचार्य पीके पटेल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण, पालकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मां रेवती महाविद्यालय में कार्यशाला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मां रेवती महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय डॉयरेक्टर डॉ अभिषेक चौबे एवं प्राचार्य डॉ कनिका खरे के निर्देशन में कराए गए इस कार्यशाला का संचालन सहायक प्राध्यापिका अपूर्वा मिश्रा द्वारा किया गया। आज के जीवन में लगातार बढ़ रहे तनाव को मध्य नजर रखते हुए महाविद्यालय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता की भूमिका डॉ मयंक प्रजापति के द्वारा निभाई गई। डॉ मयंक ने सभी छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के जरिए मस्तिष्क एवं शरीर के बीच संतुलन स्थापित करना बताया। विभिन्न योगासनों के जरिए अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की शिक्षा छात्रों को दी गई। पूरे कार्यक्रम



में सभी छात्रों ने पूरी रुचि के साथ भाग लिया। मां रेवती महाविद्यालय द्वारा लिया गया यह कदम छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सभी सहायक प्राध्यापकों एवं स्टाफ के समस्त सदस्यों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को सफलता पूर्ण तरीके से संपन्न करने में जरूरी भूमिका निभाई।

## पिंडरई उपार्जन केंद्र पहुंचकर मंत्री ने सुनी किसानों की समस्याएं

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** नैनपुर उपार्जन केंद्र के बाद अब पिंडरई में भी किसानों ने गेंहूँ खरीदी की समस्या उजागर की है। एक तो खरीदी में लेट लतीफी और फसल सर्वेयर द्वारा रिजक्ट होने से किसान मंडी में अपनी फसल बीमा होने के बाद भी नहीं बेच पा रहे है। किसानों की समस्या जानकर मंत्री श्रीमती संपतिया उइके अब पिंडरई क्षेत्र के किसानों के बीच पहुंची। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारी और सर्वेयर को एक बार पुनः सहज सरल और संवेदन शीलता से काम लेने की बात कही।



किसानों द्वारा बताया गया कि आठ से दस हजार क्विंटल गेहूं मंडी में रखा हुआ है। 24 गांव के 1200 किसानों का पंजीयन के बाद भी खरीदी न होने से उनका अनाज खुले में रखा है। जिसपर किसानों की चिंता भी जायज है। जाहिर है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पिंडरई के तीन खरीदी केंद्र है। पिंडरई, जलतरा,खिरख्रिरी में भी अनाज बिक्री न हो होने से खुले आसमान पर पड़ा हुआ है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने किसानों से सीधे तौर पर संवाद किया और उनकी समस्याये सुनी। मंत्री द्वारा मौके से ही जिला कलेक्टर से फोन के माध्यम से बात की गई। यहां किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुये उचित निदान की बात कही।

## यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार सम्पन्न

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज बिछिया द्वारा आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार वैदिक रीति



रिवाज के साथ सम्पूर्ण उत्साह से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बटुक बालकों के माता पिता और उनके परिवार जनों द्वारा तेल हल्दी की रस्म पूरी की गई बटुक बालकों को गुरुदीक्षा के साथ उनका यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक रीति रिवाज से किया गया वही सभी परिवार जनों ओर कार्यक्रम में उपस्थित जनों द्वारा बटुक भिक्षुओं को भिक्षा देकर धर्म लाभ प्राप्त किया। बारात शोभायात्रा की तरह निकली गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला ब्राह्मण समाज से आए यज्ञोपयित संस्कार कार्यक्रम के आचार्य पंडित शेल दुबे, पंडित शिराजन तिवारी पंडित श्याम दुबे, पंडित प्रशांत बाजपेई उनके साथ आए पंडितों का स्वागत बिछिया ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष रजनीश पांडे, युवा अध्यक्ष दीपक पांडे महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती संगीता गर्ग के द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया। यहां 9 बटुक बालकों का हुआ। महिष्मति ब्राम्हण समाज द्वारा नगर के गौरव प्राथमिक शिक्षा से लेकर हायर सेकेण्डरी तक जिन छात्रों ने प्रदेश स्तर जिला ओर नगर स्तर पर 75 प्रतिशत या इसके ऊपर अंक अर्जित कर विद्यालय परिवार ओर नगर को गौरवान्वित किया है उन मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्तिपत्र ओर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## नैनपुर में अनियंत्रित यातायात बना संकट

### ओवरलोड वाहनों की बेलगाम रफ्तार से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

नैनपुर( स्वतंत्र मत)

नगर में अनियंत्रित यातायात, नशे की लत और सड़क किनारे खड़े वाहनों की अव्यवस्थित कतारें लगातार दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रही हैं। हालात यह हैं कि मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति के साथ अराजकता की स्थिति बनी रहती है। जबकि ओवरलोड वाहन बेखौफ रफ्तार से दौड़ते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति ओवरलोड गिट्टी वाहनों की है, जो तेज रफ्तार में दौड़ते हुए सड़क पर ही गिट्टियां गिराकर न केवल आवागमन बाधित कर रहे हैं, बल्कि राहगीरों की जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 15 में दलदली मेले की भारी भीड़ के बीच एक वाहन द्वारा सड़क पर गिट्टी गिरा दी गई। जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बावजूद इस अव्यवस्था को नियंत्रित करने कोई ठोस कदम अब तक नजर नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे में वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई न होने से भी दुर्घटनाओं की



संभावना बढ़ रही है। सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों की कतारें संकरी सड़कों को और जामग्रस्त कर देती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था खासी प्रभावित होती है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए , सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, दलदली मेला क्षेत्र में विशेष यातायात नियंत्रण की व्यवस्था हो, नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जनता का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील नैनपुर जिला मण्डला (म.प्र.)

### सार्वजनिक नोटिस / इश्तहार

**मामला क्रमांक /अ-20(3)/2025-26**

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम उमरिया प.ह.34 रा.नि. मण्डल नैनपुर तहसील नैनपुर जिला मण्डला की भूमि खसरा नंबर 229 रकबा 2.178 हे. मे से 2500 वर्गमीटर भूमि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आवंटन हेतु आवेदक / शासकीय विभाग मुख्य नगरपालिका परिषद नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।**

**अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार का कोई दावा आपति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 14/05/2026 को समय 11.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपदा दावा आपति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपति पर विचार नही किया जावेगा।**

**आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।**

**जारी दिनांक 28/04/2026**

**तहसीलदार**
**तहसील नैनपुर**

संपादकीय

# 'आप' में टूट से कांग्रेस खुश

आम आदमी पार्टी के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसदों ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। राज्यसभा के स्पीकर ने भी आप से बगावत करने से वालों को बीजेपी सांसद के तौर पर मान्यता भी दे दी है। राघव चड्ढा के अगुवाई में आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बगावत करना आम आदमी पार्टी के लिए सियासी संकट है, लेकिन बीजेपी से ज्यादा कांग्रेस के लिए मुफीद है। कांग्रेस के लिए पंजाब से लेकर गुजरात, दिल्ली और गोवा तक पॉलिटिकल जैकपॉट साबित हो सकता है। आम आदमी पार्टी का उद्भव कांग्रेस के विरोध में खड़े हुए अन्ना आंदोलन से हुआ है। आंदोलन से उभरी राजनीति को सफलताएं तो मिल भी जाती हैं, लेकिन फिर उनमें बिखराव शुरू हो जाता है। 'आप' के साथ भी क्या ऐसा ही हो रहा है? राघव चड्ढा की अगुआई में आप के दस में से सात सांसद बागी होकर बीजेपी में शामिल हो गए हैं, लेकिन खुशी कांग्रेस में दिख रही है।

फिलहाल तो आम आदमी पार्टी के सात सांसदों की बगावत का सीधा फायदा बीजेपी को हुआ है। राज्यसभा में बीजेपी की ताकत बढ़ गई है। इन सात सांसदों के बदौलत उच्च सदन में बहुमत के करीब पहुंच गई है, लेकिन इससे ज्यादा फायदा होता नहीं दिख रहा है। चड्ढा को जरूर 2022 के चुनावों से पहले पंजाब में 'आप' के सियासी उभार के लिए पटकथा लिखने वाले पर्दे के पीछे के रणनीतिकार के तौर पर जाना जाता था, लेकिन चेहरा वो नहीं थे। बहरहाल, राघव चड्ढा के साथ जिन लोगों ने बीजेपी का दामन थामा है, उसमें एक भी नेता सियासी जनाधार वाला नहीं है। चड्ढा से लेकर पाठक और सहनी तक सिर्फ एससी रूप वाली पॉलिटिक्स कर सकते हैं, लेकिन उनके चेहरे पर वोट नहीं मिलते। इससे केजरीवाल को तो जरूर सियासी तौर पर झटका लगा है, लेकिन बीजेपी के लिए कितने मुफीद होंगे, ये कहना मुश्किल है? हालांकि, अगले साल गुजरात, गोवा और पंजाब में चुनाव हैं। आम आदमी पार्टी की राजनीति कांग्रेस के विरोध से शुरू हुई और कांग्रेस की जमीन पर ही उसकी पूरी इमारत खड़ी है। दिल्ली में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर आम आदमी पार्टी 2013 में सत्ता में आई। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने पंजाब में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर अपना कब्जा जमाया। केजरीवाल की राजनीति को कांग्रेस जरूर बीजेपी की बी-टीम बताती रही है। इस नैरेटिव को राघव चड्ढा के बगावत ने मजबूत करने का काम किया है, जिसका सीधा असर दिल्ली और पंजाब की राजनीति पर पड़ेगा। कांग्रेस ने अब इस नैरेटिव को और भी सियासी धार देना शुरू कर दिया है। यही नहीं केजरीवाल के पार्टी का राष्ट्रीय विस्तार करने वाले मंसूबे के लिए भी झटका है, जिसने कांग्रेस को वापसी करने का मौका दे दिया है। पंजाब, गुजरात, गोवा में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी ने पांच साल पहले झटका दिया था, लेकिन अब 'आप' के सांसदों की बगावत से कांग्रेस को उम्मीदें दिखने लगी है। कांग्रेस अब अपनी खोई हुई जमीन को वापस पाने के कवायद कर सकती है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का हिस्सा होने के चलते स्थानीय स्तर पर कांग्रेसी नेताओं के लिए आप सरकार का कड़ा विरोध कर पाना आसान नहीं था, लेकिन अब मौका मिल गया है। दिल्ली में कांग्रेस अपने मुस्लिम और दलित वोटबैंक को दोबारा से जोड़ने की कवायद कर सकती है। पंजाब में बीजेपी के ऊपर किसान विरोधी होने का आरोप लगता है, इसलिए अब अकाली दल भी उसके साथ जाने के लिए तैयार नहीं है। राज्य में 57 फीसदी सिख आबादी है और पंजाब की राजनीतिक व्यवस्था बीजेपी को मैच नहीं करती है। इसी का लाभ कांग्रेस को मिल सकता है।

# आशा, करुणा और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उत्सव

## विश्व इच्छा दिवस- 29 अप्रैल 2026 पर विशेष



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

हर वर्ष 29 अप्रैल को मनाया जाने 'विश्व इच्छा दिवस' मानवता के उन कोमल स्पंदनों को अभिव्यक्त करता है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं। यह केवल एक दिवस नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, करुणा और आशा का वैश्विक अभियान है। इस दिन का मूल उद्देश्य उन बच्चों के जीवन में खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है, जो गंभीर और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन की वास्तविक सुंदरता दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में निहित है। इस प्रेरणादायी दिवस का संबंध विश्वविख्यात संस्था मेक-ए-विश फाउंडेशन से है, जो दशकों से बीमार बच्चों की इच्छाओं को साकार कर उन्हें जीवन का नया अर्थ दे रही है। यह संस्था न केवल इच्छाओं को पूरा करती है, बल्कि उन बच्चों के भीतर जीने की आशा, साहस और मानसिक शक्ति का संचार भी करती है।



इस दिवस का इतिहास अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक है। वर्ष 1980 में सात वर्षीय क्रिस ग्रेसियस जो ल्यूकेमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे, उनकी अंतिम इच्छा एक पुलिस अधिकारी बनने की थी। जब यह बात स्थानीय पुलिस तक पहुंची, तो उन्होंने न केवल उसकी इच्छा को समझा, बल्कि उसे पूरा करने का संकल्प भी लिया। 29 अप्रैल 1980 को क्रिस को एक दिन के लिए पुलिस अधिकारी बनाया गया, उन्हें वर्दी पहनाई गई और पूरे सम्मान के साथ यह अनुभव दिया गया। उस दिन क्रिस के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वह केवल एक बच्चे की खुशी नहीं थी, बल्कि मानवता की संवेदनशीलता का जीवंत प्रमाण थी। दुर्भाग्यवश, कुछ ही दिनों बाद उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी यह छोटी-सी इच्छा एक वैश्विक आंदोलन की नींव बन गई। इसी घटना से प्रेरित होकर मेक-ए-विश फाउंडेशन की स्थापना हुई, जिसने समय के साथ एक विशाल रूप ले लिया। आज यह संस्था विश्व के अनेक देशों में सक्रिय है और लाखों बच्चों की इच्छाओं को पूरा कर चुकी है। यह संस्था यह सिद्ध करती है कि एक छोटी-सी पहल भी दुनिया में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

आधुनिक युग में, जब जीवन की गति अत्यंत तेज हो गई है और व्यक्ति अपने स्वार्थों एवं महत्वाकांक्षाओं में उलझा हुआ है, ऐसे में यह दिवस एक चेतना का संदेश लेकर आता है। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हमारी इच्छाएं केवल हमारे लिए हैं, या हम दूसरों के जीवन में भी कुछ रोशनी ला सकते हैं। आज समाज में संवेदनाओं का क्षरण हो रहा है, लोग एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं, और मानवीय संबंधों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में विश्व इच्छा दिवस मानवीय मूल्यों के पुनर्जागरण का अवसर प्रदान करता है। इच्छाएं मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे केवल आकांक्षाएं नहीं, बल्कि जीवन की दिशा और ऊर्जा का स्रोत हैं। जब इच्छाएं सकारात्मक होती हैं, तो वे व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं, उसके भीतर आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करती हैं। प्रसिद्ध विचारक एंथोनी स्टे. मारटीन का कथन है कि यदि मनुष्य अपनी सबसे बड़ी इच्छाओं को साकार करने की क्षमता नहीं रखता, तो वह उन्हें सोच भी नहीं सकता। यह विचार इस बात को स्पष्ट करता है कि इच्छाएं हमारे भीतर की संभावनाओं का प्रतिबिंब होती हैं।

विश्व इच्छा दिवस इस सत्य को भी उजागर करता है कि इच्छाएं केवल व्यक्तिगत नहीं होतीं, वे सामाजिक भी होती हैं। एक व्यक्ति की सकारात्मक इच्छा पूरे समाज में परिवर्तन ला सकती है। जब हम किसी बीमार बच्चे की इच्छा पूरी करते हैं, तो हम केवल उसकी खुशी का कारण नहीं बनते, बल्कि उसके परिवार और समाज के लिए भी आशा का स्रोत बन जाते हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देने वाला और पाने वाला दोनों ही समृद्ध होते हैं। वर्तमान समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि हम अपनी इच्छाओं को सकारात्मक दिशा दें। नकारात्मक इच्छाएं जहां व्यक्ति को तनाव और असंतोष की ओर ले जाती हैं, वहीं सकारात्मक इच्छाएं उसे संतुलन, शांति और संतोष प्रदान करती हैं। यही कारण है कि विश्व इच्छा दिवस केवल इच्छाओं की पूर्ति का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक सोच और जीवन दृष्टि का भी उत्सव है।

यदि 2026 के संदर्भ में इस दिवस की भावना को समझा जाए, तो इसे आशा बांटें, खुशियां जगाएं के रूप में अभिव्यक्त किया जा सकता है। यह संदेश हमें यह सिखाता है कि हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। एक मुस्कान, एक सहयोग, या एक संवेदनशील कदम किसी के लिए जीवन बदल देने वाला अनुभव बन सकता है। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह हमें सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। हम सभी अपने स्तर पर इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं- चाहे वह आर्थिक सहयोग के माध्यम से हो, स्वयंसेवा के द्वारा हो, या किसी जरूरतमंद बच्चे की पहचान कर उसकी सहायता करने के रूप में हो। आज डिजिटल युग में सोशल मीडिया भी एक सशक्त माध्यम बन गया है, जिसके द्वारा हम इस संदेश को व्यापक स्तर पर फैला सकते हैं। निश्चिततौर परविश्व इच्छा दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन का वास्तविक अर्थ केवल अपने लिए जीने में नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने में है। जब हम किसी के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तो हम स्वयं भी भीतर से प्रसन्न होते हैं। यही सच्चा आनंद है, यही सच्ची संतुष्टि है। आज जब दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह मानसिक तनाव हो, सामाजिक विघटन हो या मानवीय संवेदनाओं का ह्रास-ऐसे समय में यह दिवस आशा की एक किरण बनकर सामने आता है। यह हमें यह विश्वास दिलाता है कि यदि हम चाहें, तो अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी दुनिया को एक बेहतर स्थान बना सकते हैं। इसलिए इस विश्व इच्छा दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम केवल अपनी इच्छाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दूसरों की इच्छाओं को भी अपना मानेंगे। हम अपने भीतर करुणा, सहानुभूति और सहयोग की भावना को विकसित करेंगे और मानवता के इस सुंदर अभियान का हिस्सा बनेंगे। क्योंकि अंततः एक छोटी-सी इच्छा ही किसी के जीवन में सबसे बड़ा परिवर्तन ला सकती है और यही इस दिवस का सबसे गहरा और सच्चा संदेश है।

# दीदी के चुनाव क्षेत्र में क्यों नहीं गए मोदी?

सत्येंद्र प्रताप सिंह

बीजेपी 2021 के विधानसभा चुनाव में नारा दी थी- अबकी बार दो सौ पार। चुनाव परिणाम आने के बाद सौ भी पार नहीं हुआ तो बीजेपी समर्थकों ने ही कहना शुरू किया कि मोदी-दीदी में सेटिंग है। धीरे धीरे पांच साल में जंगल की आग की तरह यह फैल गया। 2026 के विधानसभा चुनाव में मोदी, दीदी के चुनाव क्षेत्र भवानीपुर गए ही नहीं। न सिर्फ भवानीपुर बल्कि दक्षिण कोलकाता में ही नहीं गए। जबकि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बीजेपी के उम्मीदवार हैं। अन्य दो स्टार प्रचारक शाह और योगी भी नहीं गए। बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक ही अब यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर यह तीनों इस चुनाव क्षेत्र में क्यों नहीं गए! फिर एक बार मोदी-दीदी की सेटिंग की चर्चा जोर पकड़ रही है। मोदी अपने आखिरी चुनाव प्रचार बैरकपुर में भी दीदी का नाम एकबार भी नहीं लिए! मार्च के अंतिम सप्ताह में बीजेपी से ही खबर थी कि मोदी दक्षिण कोलकाता में रोड शो करेंगे, यह भवानीपुर और रासबिहारी विधानसभा को कवर करेगा। अप्रैल के मध्य में कहा गया कि सुरक्षा कारणों से एसपीजी ने अनुमति नहीं दी है। सिलीगुड़ी में भी एसपीजी से रोड शो की अनुमति नहीं मिलने के बाद जनसभा आयोजित की गई थी। मोदी बंगाल विधानसभा चुनाव में कुल रोड शो और जनसभा 19 किये। उत्तर कोलकाता में भी रोड शो किये लेकिन दक्षिण कोलकाता में गए ही नहीं। अमित शाह हालांकि नामांकन के दिन शुभेंदु अधिकारी के साथ रोड शो करते हुए नामांकन दाखिल कराने पहुंचे थे। बीजेपी तर्क दे रही है कि ब्रिगेड की रैली में मोदी शामिल हुए थे, ब्रिगेड और भवानीपुर दोनों दक्षिण कोलकाता में आता है। मोदी ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 14 मार्च 2026 को बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के समापन पर एक विशाल रैली को संबोधित किया था। यह रैली चुनाव घोषणा होने के पहले हुई थी। चुनाव की घोषणा 15 मार्च 2026 को हुई थी। टीएमसी ने इस पर कटाक्ष भी किया है। टीएमसी के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार कहते हैं कि द्वितीय विश्व युद्ध खत्म होने के एक दिन पहले तक हिटलर कहता रहा कि जीत जर्मनी की होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मोदी-शाह जानते हैं कि बंग विजय नहीं होगा, इसलिए नहीं आकर किरकिरी होने से अपने को बचा रहे हैं। दूसरी तरफ, एक रैली में ममता बनजी ने दहाड़ते हुए कहा मुझे कुर्सी नहीं चाहिए। इस बयान ने बंगाल से लेकर दिल्ली तक की सियासत में कयासों का बाजार गर्म कर दिया है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर यह बात क्यों कही? कहीं यह किसी बहुत बड़े सियासी तूफान के आने से पहले की खामोशी भरी आहट तो नहीं है! बहरहाल, सवाल है कि क्या ममता बनर्जी की टीएमसी पार्टी चुनाव हार रही है? क्या ममता बनर्जी राजनीतिक संन्यास ले रही हैं? क्या ममता बनर्जी केंद्र की राजनीति करेंगी? क्या अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप देगीं? तमाम इस तरह के सवाल राजनीतिक माहौल में तैर रहे हैं।



# सरकारी बैंकों के कर्मचारी



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

स्वतन्त्र भारत के आर्थिक विकास में सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों व वित्तीय संस्थानों तथा बीमा कम्पनियों व ग्रामीण विकास बैंकों की भूमिका बहुत उत्प्रेरक व महत्वपूर्ण रही है। इन बैंकों ने केवल भारतीय नागरिकों के व्यक्तिगत आर्थिक उत्थान में निर्णायक भूमिका निभाई है, बल्कि भारत के औद्योगिक विकास से लेकर आधारभूत ढांचे के विकास में भी महत्ती योगदान दिया है। इन वित्तीय संस्थाओं की भूमिका ग्रामीण व कृषि क्षेत्र के विकास से लेकर बढ़ते शहरीकरण के वित्तीय पोषण में भी उल्लेखनीय रही है जिसकी वजह से आज हम विकसित भारत का सपना संजो रहे हैं। बैंकों के श्रेष्ठ कार्य की निर्भरता इसके कर्मचारियों पर ही निर्भर करती है क्योंकि ये किसी भी बैंक के लाभ कमाने की गारंटी होते हैं।

हालांकि बैंकों का कामकाज ऋण लेने व ऋण देने तक सीमित रहता है परन्तु सामाजिक विकास में उनका यह कार्य ही प्रमुख भूमिका निभाता है। किसी भी देश का विकास इस बात से भी मापा जाता है कि उसकी आबादी का कितना हिस्सा बैंकिंग प्रणाली से जुड़ा हुआ है।

भारत में वित्तीय क्रान्ति या बैंकिंग क्रान्ति की शुरूआत 1969 से तब शुरू हुई जब इस वर्ष तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने 14 बड़े निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और इनके दरवाजे आम व सामान्य नागरिकों के लिए खोले। उस समय इन सरकारी बैंकों को भारत के प्रत्येक जिले के आर्थिक विकास की जिम्मेदारी इस प्रकार सौंपी गई कि वे अपनी प्राथमिकता पर कृषि व ग्रामीण क्षेत्र को लेते हुए सकल समाज का उत्थान करें और व्यापार व कारोबार को बढ़ावा देने के लिए छोटे व्यापारियों को भी बैंकों से सुगम कर्जा उपलब्ध करायें।

तब भारत ने पहली बार देखा कि बैंक किस प्रकार सामाजिक परिवर्तन में भी अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उस समय सरकारी बैंकों के लिए ऋण उपलब्ध कराने के वरीयता क्षेत्र बनाये गये जिनमें कृषि क्षेत्र को प्रथम स्थान दिया गया। अतः भारत की हरित क्रान्ति में भी बैंकों के योगदान को नजरअन्दाज नहीं किया जाना चाहिए। यह भारत में बैंक या वित्तीय क्रान्ति का प्रथम दौर था जिसमें भारत के आम आदमी के बीच राष्ट्रीय आय का समुचित बंटवारा निहित था इसीलिए इसे समाजवादी नीतियों का अंग समझा गया। इसकी वजह यह थी कि बैंकों में भारतीयों का ही धन जमा था जिस पर राष्ट्रीयकरण करके सभी सामान्य नागरिकों का हक बनाया गया।

इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि किसान से लेकर छोटे दुकानदार तक के लिए बैंकों के दरवाजे खुले और उन्हें महसूस हुआ कि बैंकों पर सिर्फ धन्ना सेठों का ही अधिकार नहीं होता है। वित्तीय क्रान्ति के इस प्रथम दौर के बाद दूसरा चरण 1991 से आर्थिक उदारीकरण के साथ शुरू हुआ जब निजी क्षेत्रों में बैंकों के खोलने व ऋण देने के नियम सरल बनाये गये। यह बाजारवाद की व्यवस्था थी जिसका एक नियम प्रतियोगिता भी होता है। इससे बैंकिंग क्षेत्र में भी प्रतियोगिता का चरण शुरू हुआ और निजी बैंकों ने भारत में पिछले साठ सालों में विकसित मध्य उपभोक्ता बाजार को अपना लक्ष्य निर्धारित किया।

उस समय तक भारत में कृषि क्रान्ति का दौर पूरा हो चुका था। दूसरे चरण में यह उपभोक्ता उत्थान का दौर था जिसमें वित्तीय सुधार इस प्रकार हुए कि एश्वर्य प्रधान समझी जाने वाली वस्तुओं तथा मोटर कार से लेकर घरेलू व महंगे उपकरणों की खरीदारी के लिए बैंकों ने ऋणों के लिए अपने दरवाजे खोले और मकान बनाने व खरीदने के लिए भी कर्जे सामान्य लोगों को देने शुरू हुए। मगर ध्यान देने वाली बात यह है कि यह सब भारत के आम आदमी की व्यक्तिगत आय में वृद्धि के बाद ही संभव हुआ और इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का बहुत बड़ा योगदान था। निजी बैंकों के मैदान में उतरने के बाद प्रतियोगिता का माहौल भी पैदा हुआ जिससे ऋण की सुलभता में प्रचुरता आयी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने इसमें भी बाजी मारी और वे पारंपरिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी नई भूमिका को भी प्रभावकारी ढंग से निभाते रहे जिससे उनकी लाभप्रदता में कमी नहीं आयी।

इसकी एक वजह बैंकिंग टैक्नोलॉजी में आयी क्रान्ति भी रही जिसकी वजह से बैंकों का सतत् विस्तार तो हुआ मगर उनके कर्मचारियों में तदनुरूप वृद्धि नहीं हुई। बैंकों का लाभ इस बात पर निर्भर करता है कि वे किस ब्याज दर पर धन जमा करते हैं और किस ब्याज दर पर कर्जा उपलब्ध कराते हैं। इस ब्याज अन्तर को तक्नीकी भाषा में 'स्प्रेड' कहा जाता है जिसमें बैंकों के अपने सारे खर्चे निकाल कर मुनाफा भी कमाना होता है। बैंकों का सबसे बड़ा खर्चा इनके कर्मचारियों का वेतन ही होता है और ये ही इनमें जमा धन के अलावा दूसरी सबसे बड़ी सम्पत्ति भी होते हैं क्योंकि इन्हीं की कार्यक्षमता व दक्षता पर बैंकों का मुनाफा निर्भर करता है। अतः इनकी अवस्था को चुस्त -दुरुस्त रखना सरकार का कर्त्तव्य होता है।

सरकार हर पांच वर्ष बाद इनके वेतन में समयानुरूप वृद्धि करती है। यह वृद्धि बैंक कर्मचारी संगठनों व सरकार के बीच बातचीत के बाद की जाती है। फिलहाल यह वृद्धि आगमी नवम्बर महीने से की जानी है जिसके लिए वित्त मन्त्रालय ने सूचना जारी कर दी है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि पिछले पांच सालों में महंगाई काफी बढ़ चुकी है। जबकि इन वर्षों के दैरान सरकारी बैंकों ने अपने कामकाज में शानदार मुनाफा कमाया है और अपने बट्टा खाते ऋणों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। इन बैंकों का मुनाफा जहां वर्ष 2023 में एक लाख पांच हजार करोड़ था वहीं 2025 में यह बढ़कर एक लाख 78 हजार करोड़ रुपए हो गया और बट्टा खाता ऋणों का प्रतिशत गिर कर 2.30 प्रतिशत रह गया। सरकारी बैंक भारत की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ हैं इसका मुजाहिरा 2008-09 की विश्व आर्थिक मन्दी के समय भी तब हुआ था जब दुनिया के बड़ेङ्कबड़े बैंक चौपट हो गये थे मगर भारत के सरकारी बैंक सिर उठाये खड़े रहे और लोगों का विश्वास इनमें कम नहीं हुआ था।

# जीवन धारा : भीतर का संतुलन ही जीवन का आधार, आत्मनिर्भरता में ही आनंद

अमन तिवारी

मनुष्य जो कुछ भी श्रेष्ठ बन सकता है या प्राप्त कर सकता है, उसका मूल स्रोत वह स्वयं ही होता है। जितना अधिक वह अपनी प्रसन्नता और संतोष के साधन अपने भीतर खोजता है, उतना ही वह स्थायी रूप से सुखी रह सकता है। इसी सत्य को स्पष्ट करते हुए अरस्तू ने कहा था कि सच्चा सुख आत्मनिर्भरता में निहित है। बाहरी साधनों से मिलने वाला सुख स्वभावतः अस्थिर, क्षणिक और भाग्य पर निर्भर होता है। परिस्थितियां चाहे कितनी भी अनुकूल क्यों न हों, वे कभी भी बदल सकती हैं और साथ ही उनसे मिलने वाला सुख भी समाप्त हो सकता है, क्योंकि वे सदैव हमारे नियंत्रण में नहीं रहतीं। इसी कारण विवेकपूर्ण मनुष्य बाहरी आकर्षणों के बजाय अपने भीतर स्थिर आधार खोजने का प्रयास करता है, जिससे उसका संतुलन बना रहता है। जीवन के उत्तरार्ध में यह सत्य और भी स्पष्ट हो जाता है। वृद्धावस्था में प्रेम, आकर्षण, चंचलता, यात्रा की इच्छा और सामाजिक सक्रियता धीरे-धीरे क्षीण हो जाती है। मित्र और संबंधी भी समय के साथ बिछड़ जाते हैं। ऐसे समय में मनुष्य के पास जो सबसे महत्वपूर्ण और स्थायी सहारा बचता है, वह उसका अपना आंतरिक संसार होता है। यही उसकी सच्ची संपत्ति है, जो जीवन के हर चरण में उसके साथ रहती है और उसे वास्तविक संतोष प्रदान करती है।



इस संसार में सुख की प्राप्ति सरल नहीं है। यह दुख, संघर्ष और पीड़ा से भरा हुआ है। यदि कोई व्यक्ति इन कठिनाइयों से बच भी जाए, तो वह एक अन्य समस्या का सामना करता है-ऊब या बोरियत। यह आंतरिक रिक्तता मनुष्य को बेचैन कर देती है। इसी संदर्भ में अरस्तू का यह गहन विचार महत्वपूर्ण है कि हर प्रकार का सुख किसी न किसी गतिविधि या क्षमता के प्रयोग पर आधारित होता है। बिना सक्रियता के सुख का अस्तित्व संभव नहीं है। मनुष्य का वास्तविक सुख उसकी सर्वोच्च क्षमताओं के स्वतंत्र और पूर्ण उपयोग में निहित है। जब वह अपनी प्रतिभाओं और शक्तियों को सार्थक दिशा में लगाता है, तब वह सच्चे संतोष और आनंद का अनुभव करता है।

प्रकृति ने मनुष्य को जो शक्तियां प्रदान की हैं, उनका उद्देश्य उसे जीवन की कठिनाइयों से संघर्ष करने योग्य बनाना है। परंतु जब यह संघर्ष समाप्त हो जाता है और मनुष्य के पास कोई चुनौती नहीं रह जाती, तब यही शक्तियां उसके लिए बोझ बन जाती हैं। तब वह केवल समय बिताने या ऊब से बचने के लिए अपने आपको व्यस्त रखने की कोशिश करता है। परिणामस्वरूप, उसे अपने भीतर अर्थ और उद्देश्य खोजना कठिन लगता है। स्पष्ट है कि सच्चा सुख बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि मनुष्य के अपने भीतर, उसकी सक्रियता, उसकी क्षमताओं और उसकी आत्मनिर्भरता में निहित है।

**- द विजडम ऑफ लाइफ के अनूदित अंश**

# नारी शक्ति के नाम पर राजनीति : इतिहास, हकीकत और भाजपा का दोहरा चेहरा



भूपेन्द्र गुप्ता

(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं)

देशभर में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम पर भारतीय जनता पार्टी उत्सव मना रही है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि महिलाओं के अधिकारों की सबसे बड़ी हितैषी वही है। लेकिन सवाल यह है-क्या यह सच्चाई है, या एक सुनियोजित राजनीतिक आवरण?

संसद में 2023 में पारित इस कानून को संशोधित करने की कोशिश जब 2026 में की गई, तो भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। संशोधन 58 मतों से गिर गया। विपक्ष ने एकजुट होकर इसे नकार दिया, क्योंकि इसके पीछे परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ उठाने की मंशा साफ झलक रही थी। हार के बाद भाजपा ने इसे नारी सम्मान के उत्सव में बदलने की कोशिश शुरू कर दी-यानी राजनीतिक हार को प्रचार की जीत में बदलने की रणनीति।

इतिहास गवाह है- महिला अधिकारों पर हमेशा रहा विरोध

अगर हम इतिहास के पन्ने पलटें, तो सच्चाई कुछ और ही सामने आती है।

जब हिंदू कोड बिल की बात हुई-जिसे भीमराव अंबेडकर और जवाहरलाल नेहरू आगे बढ़ा रहे थे-तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और दक्षिणपंथी ताकतों ने इसका जमकर विरोध किया। संसद का घेराव हुआ, आंदोलन हुए।

क्यों? क्योंकि यह बिल महिलाओं को-

संपत्ति में बराबरी का अधिकार

तलाक का कानूनी अधिकार

एक पत्नी प्रथा लागू करना

गोद लेने का अधिकार

देना चाहता था।

संघ और जनसंघ ने इसे संयुक्त परिवार पर हमला और परंपरा के खिलाफ बताकर रोकने की कोशिश की। नतीजा-पूरा बिल एक साथ पास नहीं हो सका, बल्कि टुकड़ों में कानून बने-

हिंदू मैरिज एक्ट (1955)

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1956)

हिंदू एडॉप्शन और मेंटेनेंस एक्ट (1956)

यानी, महिलाओं के अधिकारों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा वही ताकतें थीं, जो आज खुद को उनका रक्षक बताती हैं।



## सती प्रथा पर भी नरमी?

## इतिहास के काले पन्ने

1987 का रूप कंवर सती कांड भारतीय समाज को झकझोर देने वाली घटना थी। पूरे देश में विरोध हुआ, लेकिन भाजपा की तत्कालीन अध्यक्ष विजयाराजे सिंधिया ने इसे परंपरा और आस्था से जोड़कर देखा।

यह वही दौर था जब सती निवारण अधिनियम लाना पड़ा। सवाल उठता है-क्या यही महिला सम्मान है?

सुधारों का विरोध, राजनीति का समर्थन

समान वेतन अधिनियम (इंदिरा गांधी काल)

## दहेज निषेध कानून

1989 में राजीव गांधी ने पंचायतों और स्थनीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने की पहल की ।जो 1993 में.पंचायतों में 33त्न महिला आरक्षण (नरसिम्हा राव सरकार) के रूप में लागू हुआ। इन सभी सुधारों को लेकर जनसंघ/भाजपा का रुख या तो ठंडा रहा या आलोचनात्मक। 1996 से लेकर 2010 तक संसद में महिला आरक्षण बिल लटकता रहा। राज्यसभा में पास होने के बावजूद लोकसभा में अटकाया गया। हर बार नए बहाने-कभी ओबीसी कोटा, कभी प्रक्रिया।

## आज का सच- समर्थन या रणनीति?

2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास हुआ, तो वह विपक्ष के सहयोग से संभव हुआ। लेकिन इसे लागू करने में 2026 तक देरी क्यों की गई?

और फिर अचानक 16 अप्रैल 2026 को गजट नोटिफिकेशन, उसी दिन परिसीमन संशोधन का प्रयास!

यह महज संयोग नहीं लगता। यह एक रणनीति की तरह दिखता है-

पहले कानून को टालो, फिर राजनीतिक फायदे के हिसाब से लागू करो।

निष्कर्ष: नारी शक्ति या सत्ता की रणनीति?

## भाजपा का इतिहास यह बताता है कि

जब भी महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की बात आई, विरोध हुआ जब राजनीतिक लाभ दिखा, समर्थन सामने आया और जब हार मिली, तो उसे उत्सव में बदल दिया गया आज नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, लेकिन असली सवाल यह है-

क्या यह महिलाओं के अधिकारों का सम्मान है, या राजनीतिक नैरेटिव का निर्माण?

क्या इतिहास को भुलाकर वर्तमान की छवि बनाई जा सकती है?


देश की महिलाएं अब प्रतीक नहीं, भागीदारी चाहती हैं।

और यह तय उन्हें करना है कि कौन उनके अधिकारों का सच्चा साथी है-और कौन सिर्फ उनका नाम लेकर राजनीति कर रहा है।

**(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं)**

# आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए एकजुट मोर्चा समय की जरूरतः राजनाथ

नयी दिल्ली, (वार्ता)



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताते हुए आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी बुराइयों से निपटने के लिए आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को समाप्त करने और किसी भी राजनीतिक अपवाद को अस्वीकार करते हुए एकजुट मोर्चा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

श्री सिंह ने मंगलवार को किर्गिज़स्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के उस दृढ़ संकल्प का प्रतीक है कि आतंकवाद के गढ़ अब न्यायोचित दंड से अछूते नहीं रहेंगे। उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी बुराइयों से निपटने के लिए सुरक्षित ठिकानों को समाप्त करने और किसी भी राजनीतिक अपवाद को अस्वीकार करते हुए एकजुट मोर्चा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश द्वारा प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद, जो किसी राष्ट्र की संप्रभुता पर हमला करता है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि दोहरे मापदंडों के लिए कोई स्थान नहीं है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि एससीओ को उन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए, जो आतंकवादियों को सहायता, शरण और सुरक्षित ठिकाने प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा, आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का बिना किसी अपवाद के सामना करके, हम क्षेत्रीय सुरक्षा को एक चुनौती से शांति और समृद्धि के आधार स्तंभ में बदलते हैं।

आतंकवाद-रोधी प्रयासों को एससीओ का एक मूलभूत सिद्धांत बताते हुए, श्री सिंह ने कहा कि संगठन ने इस खतरे के खिलाफ साझा लड़ाई में ऐसे कृत्यों और विचारधाराओं की निंदा की है। उन्होंने पिछले वर्ष की तियानजिन घोषणा का उल्लेख किया, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ और सामूहिक रुख को दर्शाया, और इसे आतंकवाद तथा उसके समर्थकों के प्रति उसकी शून्य-सहिष्णुता नीति का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, सामूहिक विश्वसनीयता की वास्तविक परीक्षा निरंतरता में निहित है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता और कोई धर्म नहीं होता। देशों को आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ और सामूहिक रुख अपनाना चाहिए।

## महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** कांग्रेस ने कहा है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित थे, वहां अब चुनाव लगभग समाप्त हो गए हैं, इसलिए सरकार को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अब विभिन्न राज्य विधानसभाओं के लिए होने वाले चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका है और लोकसभा के परिसीमन को लागू करने का सरकार का प्रयास विपक्ष की एकजुटता के कारण विफल रहा है, तो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर पहल करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को वर्ष 2029 से लोकसभा की मौजूदा संख्या के साथ किस प्रकार लागू किया जा सकता है, इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। यह कदम संभव, वांछनीय और आवश्यक है।

# बलूचिस्तान में 10 दिन में 27 हमले पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान



नई दिल्ली

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हिंसा तेज होने के बीच बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 15 से 25 अप्रैल के बीच 27 हमले करने का दावा किया है। संगठन के प्रवक्ता जीयंद बलोच के हवाले से जारी बयान में कहा गया कि इन हमलों में आईईडी विस्फोट, घात लगाकर हमले, छापेमारी और ड्रोन हमले शामिल थे, जिनका निशाना पाकिस्तानी सुरक्षा बल थे।

बयान में बीएलए ने दावा किया कि इन कार्रवाइयों में 42 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, कई घायल हुए और एक सैनिक को पकड़ लिया गया। साथ ही कुछ स्थानों पर सुरक्षा चौकियों और पोस्ट पर अस्थायी कब्जा करने तथा हथियार कब्जे में लेने की भी बात कही गई है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

बीएलए के अनुसार, कई इलाकों में रिमोट कंट्रोल आईईडी से हमले के बाद घात लगाकर कार्रवाई की गई, जबकि खारान, क्वेटा, कोहलू, बेशिमा और हरनाई समेत कई क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इन झड़पों में उसके तीन लड़ाके मारे गए।

## मतदाता डर के ऊपर विकास की राजनीति को प्राथमिकता देंगे: समिक भट्टाचार्या

कोलकाता,(वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्या ने तृणमूल कांग्रेस को जीवित अवशेष मात्र बताते हुए कहा है कि यह चुनाव आम जनता बनाम ममता की लड़ाई बन चुका है।

पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान को अभूतपूर्व बताते हुए श्री भट्टाचार्या ने कहा कि 93.19 प्रतिशत मतदान इस बात का साफ इशारा है कि ममता बनर्जी अब सत्ता से जा रही हैं। श्री भट्टाचार्या ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा, ममता बनर्जी की विदाई तय है। इतनी बड़ी संख्या में हुआ मतदान सत्ता विरोधी लहर को दिखाता है। यही माहौल चुनाव के दूसरे चरण में भी बना रहेगा। हमें भरोसा है कि हम बंगाल में बड़ी जीत हासिल करेंगे और चार मई को सरकार बनाएंगे।

पश्चिम बंगाल में दो चरणों के विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था और दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार को होगी और नतीजों की घोषणा चार मई को की जाएगी।

भाजपा के चुनावी अभियान के मुख्य मुद्दे घुसपैठियों पर बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राय के कई सीमावर्ती जिलों की आबादी और संरचना में अब तक बहुत बड़ा बदलाव आ चुका है।

पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश के साथ लगभग 2,216 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो किसी भी भारतीय राय की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय थल और नदी सीमा है। श्री भट्टाचार्या ने आरोप लगाया, बंगाल के सीमावर्ती जिलों की पूरी जनसांख्यिकी बदल गई है। इसमें कोई शक नहीं है कि तृणमूल ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।

भाजपा नेता ने कोलकाता के बारे में कहा कि एक सचा कोलकातावासी होने के नाते उन्हें यह देखकर बहुत दुख होता है कि यह शहर अपनी पुरानी चमक खोकर सिर्फ एक परछाईं बनकर रह गया है। उन्होंने कहा, कोलकाता के गरियाहाट, जोधपुर पार्क या साल्ट लेक जैसे किसी भी नामी इलाके में जाइए, वहां आपको सिर्फ बुजुर्ग मिलेंगे क्योंकि युवा नौकरी की तलाश में शहर छोड़ चुके हैं। तृणमूल के सालों के कुशासन ने राय के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

शासन में बदलाव की मांग करते हुए श्री भट्टाचार्या ने कहा कि पश्चिम बंगाल विकास के हर पैमाने पर दूसरे रायों से पिछड़ गया है। उन्होंने बेरोजगारी और युवाओं के पलायन को राय की सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने जोर देकर कहा, भाजपा का मतलब ही विकास है। इस बार मतदाता डर की राजनीति के ऊपर विकास को ही चुनेंगे।

श्री भट्टाचार्या ने कहा, तृणमूल ने जो डर का माहौल बनाया था, वह इस बार नहीं चला। हमने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि महिलाओं को नकद सहायता के रूप में 3,000 रुपये देंगे। हमारा लक्ष्य बड़े उद्योग लगाना है ताकि हजारों बेरोजगारों को काम मिल सके।

भाजपा नेता ने राय के खराब बुनियादी ढांचे को ठीक करने का वादा करते हुए कहा कि हम केवल डिवाइडरों को सफेद-नीले रंग से रंगने के बजाय सड़कों और जन सुविधाओं को सच में बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। भवानीपुर की उस घटना का जिक्र करते हुए जिसमें ममता बनर्जी मंच छोड़कर चली गई थीं, श्री भट्टाचार्या ने कहा कि यह ुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें अपने ही क्षेत्र में जनता के ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा।

## अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर कार्रवाई ठीक नहीं: राजद

**पटना, (वार्ता)।** बिहार राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर बुलडोजर कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुये मंगलवार को कहा कि सरकार का दायित्व लोगों को उजाड़ना नहीं, बल्कि उन्हें बसाना है। अहमद ने आरोप लगाया कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, वहां आम लोगों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के घर, दुकान और झोपड़ियां तोड़ी जा रही हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। राजद नेता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ऐसी नीतियों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय गरीबों की समस्याओं को सुना जाता था ।

## हरियाणा में जल संकट गहराया, सरकार तुरंत सुनिश्चित करे नियमित पेयजल आपूर्तिः कुमारी सैलजा

चंडीगढ़, (वार्ता)

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। प्रदेश के कई जिलों, विशेषकर सिरसा के ऐलनाबाद क्षेत्र समेत विभिन्न इलाकों में पानी की भारी कमी देखी जा रही है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर पानी की राशनिंग तक करनी पड़ रही है और लोगों को टैंकरों के सहारे रहना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि एक ओर पानी की किल्लत है, वहीं दूसरी ओर बिजली संकट ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी के बीच लंबे-लंबे बिजली कट आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस हरियाणा को विकसित राज्य बताया जाता है, वहां आज गांवों और शहरों में पंचायतों की सबसे बड़ी मांग पेयजल टैंकर बन गयी है। यह स्थिति राज्य की जल प्रबंधन व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि अपने सांसद कोटे से उन्होंने कई गांवों में पानी के टैंकर उपलब्ध करवाये हैं, लेकिन इसके बावजूद मांग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि पेयजल आपूर्ति को तुरंत प्रभाव से नियमित और सुचारू बनाया जाये, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही बिजली आपूर्ति में भी सुधार किया जाये।


सैलजा ने कहा कि सिरसा के ऐलनाबाद और नाथुसरी चोपटा क्षेत्र के लोग राजस्थान से पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं, जबकि कई गांवों में लोगों को पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यमुना में जहां 8000 क्यूसेक पानी की जरूरत है, वहां केवल 1500 क्यूसेक पानी मिल रहा है।

प्रदेश में 38 बीसीएम पानी की आवश्यकता के मुकाबले नहरी और बरसाती पानी से केवल 20 बीसीएम ही उपलब्ध हो पा रहा है, जबकि शेष 18 बीसीएम की पूर्ति भूजल के दोहन से की जा रही है।

सांसद ने कहा कि हरियाणा सरकार को अपने हिस्से के पानी के लिए पंजाब पर दबाव बनाना चाहिए। रावी-ब्यास नदी से हरियाणा को 3.5 एमएएफ पानी मिलना चाहिए, लेकिन वर्तमान में केवल 1.88 एमएएफ ही मिल रहा है।

## सुदृढ़ कानून-व्यवस्था से मजबूत हो रहा उत्तर प्रदेश : योगी

लखनऊ, (वार्ता)



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 936 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति-पत्र वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला मजबूत कानून-व्यवस्था होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थापित सुदृढ़ कानून-राज ने ही राज्य को देश-विदेश के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ राज्य में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित किया गया है, जिससे निवेश के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है।

उन्होंने नव-नियुक्त कर्मियों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

# दुबई चॉकलेट के चक्कर में महंगा हुआ पिस्ता, ईरान युद्ध ने बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध होने के कारण सिर्फ तेल के कीमतों में इजाफा देखने को नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही एक और चीज है जो पिछले 8 सालों के रिकॉर्ड को तोड़कर बहुत तेजी से महंगा होता जा रहा है। उसका नाम है पिस्ता, इस खाने की चीज पर भी तेल जैसा असर देखने को मिल रहा है।

ईरान में चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया में यह महंगा मिल रहा है। दरअसल, ईरान और अमेरिका मिलकर दुनिया की लगभग 80त्न पिस्ता आपूर्ति पूरी करते हैं, जिसमें अमेरिका सबसे बड़ा उत्पादक है। ईरान पर हुए हमले ने पिस्ता के बाजार का समीकरण ही बदल दिया है।

ईरान संघर्ष ने पिस्ता के निर्यात को बाधित कर दिया है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद होने के कारण कीमतें 8 साल के उच्चतम स्तर 4.57 (430 रुपये) प्रति पाउंड पर पहुंच गई हैं। दुनिया के सबसे बड़े पिस्ता उत्पादकों में से एक देश को निर्यात में रुकावटों, शिपिंग में अड़चनों और आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

ब्लूमबर्ग के अनुसार, साल 2023 के आखिर से ही पिस्ता के कीमतें लगभग 30% बढ़ चुकी थीं। इसी दौरान वायरल दुबई चॉकलेट का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला था। ब्लूमबर्ग ने आगे बताया कि सप्लाई चेन में आई रुकावटों के कारण मार्च में पिस्ता की कीमतें



अचानक से बढ़कर 4.57 (लगभग 430.52) प्रति पाउंड तक पहुंच गई, जो मई 2018 के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

इसके साथ ही पिस्ता का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश तुर्कि है। वहीं, ईरानी पिस्ता का एक बड़ा हिस्सा सीधे प्रतिबंधों से बचने के लिए तुर्की के रास्ते भेजा जाता है। इससे एक और रणनीतिक परेशानी पैदा हो गई है। जिसके कारण दाम में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

इसके अलावा पिस्ता के दाम बढ़ने के पीछे एक और बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि, युद्ध के कारण ईरान के पिस्ता गोदामों को काफी नुकसान हुआ। जिसके कारण सप्लाई बाधित हो गया। सूत्रों की माने तो, अमेरिका और इजरायल की सेना ने पिस्ता की खेती पर भी सीधा हमला किया। इन हमलों में कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जिसमें ईरान के पिस्ता गोदाम भी शामिल थे।

मार्केट रिसर्च कंपनी मोर्डोर इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक पिस्ता बाजार का मूल्य 2026 में 5.49 बिलियन है और 2031 तक इसके 7.02 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। ईरान दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पिस्ता उत्पादक देश है। इस देश का वैश्विक पिस्ता उत्पादन में लगभग पांचवां हिस्सा और निर्यात में लगभग एक-तिहाई हिस्सा है, जबकि अमेरिका वैश्विक उत्पादन का लगभग 40%हिस्सा उत्पादित करता है। वहीं, साल 2011 से अमेरिका लगातार सबसे बड़े निर्यातक के रूप में आगे बढ़ा है। अमेरिका ने इस दौरान ईरान को काफी पीछे छोड़ दिया। जिसके कारण युद्ध में उलझते ही पूरी दुनिया में पिस्ता के दामों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौजूदा समय में ईरान पूरे वैश्विक पिस्ता उत्पादन का सिर्फ 20त्न हिस्सा ही उत्पादन कर पा रहा है।

बता दें कि, पिस्ता मूल रूप से ईरान और मध्य एशिया का ड्राई फ्रूट है। वैसे तो दुनिया में इसकी खेती हजारों सालों से की जा रही है, लेकिन प्राचीन समय में इसे फारस (ईरान) में अमीरी की निशानी माना जाता था। पिस्ता के पेड़ सूखे और गर्म इलाकों में अच्छे से उगते हैं। आज भी ईरान दुनिया के सबसे बड़े पिस्ता उत्पादकों में से एक है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



## साई पल्लवी ने आमिर खान और एक दिन की टीम को कहा शुक्रिया

अभिनेत्री साई पल्लवी ने आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए पूरी टीम का आभार जताया है।साई पल्लवी ने आमिर खान और फिल्म से जुड़े सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करते हुए इस सफर को बेहद सुखद और भावनात्मक बताया। उन्होंने कहा, आमिर सर, मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। जब आप प्यार के बारे में बात करते हैं और आपके चेहरे पर जो चमक आती है, उसे देखना वाकई शानदार था। अपनी पहली हिंदी फिल्म को लेकर मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन यह अनुभव बेहद खूबसूरत रहा।

साई पल्लवी ने अपने सह-कलाकार जुनैद खान की भी तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ काम करना काफी सहज और आनंददायक रहा। साई पल्लवी ने पूरी टीम के प्रति अपना आभार जताते हुए कहा कि उनके दिल में सभी के लिए ढ़ेर सारा प्यार है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है, जबकि इसका निर्माण आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने मिलकर किया है।यह फिल्म एक मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



## विक्की कौशल ने रितेश देशमुख से की खास मुलाकात

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने रितेश देशमुख से खास मुलाकात की है। जियो स्टूडियोज़ और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म 'राजा शिवाजी' अब अपनी रिलीज़ के बेहद करीब है। इसी बीच दर्शकों को एक खास और यादगार पल देखने को मिला, जब 'छावा' और छत्रपति शिवाजी महाराज एक ही फ्रेम में साथ दिखाई दिए। एक खास मुलाकात के दौरान विक्की कौशल ने रितेश विलासराव देशमुख से मुलाकात की, जो 'राजा शिवाजी' में लीड, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर चारों भूमिकाएं निभा रहे हैं। दोनों के बीच फिल्म को लेकर गहरी बातचीत होती दिखी, जहां रितेश देशमुख ने एक साथ कई जिम्मेदारियां संभालने, हिंदी और मराठी फिल्म इंडस्ट्री के मजबूत कलाकारों को साथ लाने और एक द्विभाषी फिल्म की शूटिंग के अनुभवों के बारे में खुलकर बात की। वहीं, विक्की कौशल ने भी रितेश और पूरी टीम को फिल्म के लिए दिल से शुभकामनाएं दीं। मेकर्स ने उनकी इस मुलाकात की एक झलक शेयर की है, जबकि पूरा वीडियो जल्द सामने आएगा। इस फिल्म में हिंदी और मराठी सिनेमा के कई बड़े कलाकार एक साथ नजर आएंगे, जिनमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जिनिलीया देशमुख शामिल हैं। फिल्म की कमान खुद रितेश देशमुख के हाथों में है, जिन्होंने इसे लिखा, निर्देशित, प्रोड्यूस और लीड भी किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत 'राजा शिवाजी', मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले बनी है और इसे ज्योति देशपांडे और जिनिलीया देशमुख ने प्रोड्यूस किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और विरासत पर आधारित यह भव्य ऐतिहासिक फिल्म एक मई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में मराठी और हिंदी में रिलीज़ होगी, जो भारत के इतिहास को बड़े पैमाने, भावनाओं और भव्यता के साथ जीवंत करेगी।

## मर्दानी 3 का सफर बेहद भावनात्मक है : रानी मुखर्जी



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि उनके लिये मर्दानी 3 का सफर बेहद भावानात्मक रहा है। फिल्म मर्दानी 3 को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म स्ट्रीमिंग पर एक बड़ी सफलता के रूप में उभरी है। फिल्म अपनी मजबूत थिएट्रिकल रन के बाद 30 दिनों तक नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड करती रही। मर्दानी 3 ने कल नेटफ्लिक्स पर 30 दिन पूरे किए, जो इस चर्चित फ्रेंचाइज़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की एकमात्र सफल महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइज़ बनी हुई है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए मर्दानी 3 का सफर बेहद भावनात्मक है, क्योंकि इसने हर जगह दर्शकों से जुड़ाव बनाया है।पहले सिनेमाघरों में और अब दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर। फिल्म का थिएट्रिकल रन बहुत मजबूत रहा, इसने महिला-प्रधान एक्शन फिल्म और फ्रेंचाइज़ के लिए कई मील के पत्थर पार किए, और आज इसे पूरे एक महीने तक स्ट्रीमिंग पर टॉप फिल्मों में ट्रेंड करते देखना बेहद विनम्र करने वाला अनुभव है। यह सफलता एक बदलाव को दर्शाती है कि दर्शक अब हर प्लेटफॉर्म पर ताकतवर महिला-प्रधान कहानियों को अपना रहे हैं। यह साबित करता है कि उद्देश्यपूर्ण कंटेंट, साहस, न्याय और वास्तविक मुद्दों पर आधारित कहानियां न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सफल हो सकती हैं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी प्रभावशाली होती हैं। एक महिला-प्रधान एक्शन फिल्म का सिनेमाघरों में मजबूती से टिके रहना और फिर हफ्तों तक स्ट्रीमिंग पर टॉप पर ट्रेंड करना एक बात साफ बताता है- दर्शक ताकत, उद्देश्य और सच्चाई से प्रेरित कहानियां चाहते हैं। इस तरह की सफलता मेरे लिए बहुत मायने रखती है। ईमानदारी, भावना और मजबूत नैतिक आवाज वाली कहानियां कहीं भी पहुंच सकती हैं। वे थिएटर से शुरू होकर दुनिया भर के लाखों दिलों में अपनी जगह बना सकती हैं। अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित मर्दानी 3, फ्रेंचाइज़ की मजबूत और सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानी कहने की विरासत को आगे बढ़ाती है।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने किया विकासखंड नरसिंहपुर के ग्रामों का भ्रमण



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार की रात्रि को विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम पंचायत मुंगवानी, ग्राम पटनिया, ग्राम डुडवारा व पाठा का भ्रमण किया। ग्राम पाठा में रात्रिकालीन चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से संवाद किया और योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने ग्राम पंचायत मुंगवानी के पटनिया ग्राम में गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम डुडवारा के लवेरी ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए जा रहे कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम डुडवारा क्षेत्र में नाला से गाद निकासी कार्यों का भी अवलोकन किया। साथ ही ग्राम पंचायत पाठा में भी कंटूर ट्रेंच एवं गौशाला का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का अवलोकन कर जल संरक्षण के कार्यों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। ग्राम पाठा में रात्रिकालीन चौपाल कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

## नरसिंह मंदिर परिसर एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन एवं को उड़ाने/ उपयोग पर प्रतिबंध

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में भगवान नरसिंह जयंती एवं नगर गौरव दिवस का आयोजन 30 अप्रैल को किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होना प्रस्तावित है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने उक्त आयोजन में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तथा वर्तमान में ड्रोन के अनाधिकृत उपयोग से सुरक्षा में खतरे को देखते हुए नरसिंहपुर मंदिर परिसर एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन और को उड़ाने/ उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि तक सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 28 अप्रैल से एक मई तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहन, मानव रहित हवाई प्रणाली, रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट प्रणाली तथा रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट उड़ाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त आयोजन में जिन ड्रोन धारकों को कार्यक्रम की फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी के लिए अधिकृत किया गया है, वे प्रोटोकाल अनुसार कार्य कर सकते हैं।

# शुध्द पेय जल हेतु रखे गये मिट्टी के घड़े

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

लीनेस वीरांगना क्लब ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में शुध्द पेय जल हेतु मिट्टी के घडे रखवाये गये। भीषण गर्मी होने पर एरिया आफिसर ली श्रीमति रूप कला कटारे जी के नेतृत्व में क्लब सदस्यों द्वारा निर्णय लिया की मंदिर में हजारों दर्शनार्थी श्रद्धालु एवं आम वर्ग वहाँ से निकलते है तो वहाँ शुध्द पेय जल रखना उपयुक्त होगा।अत: मंदिर में मटके रखे,मंदिर में भगवान जी को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया,उपस्थित सदस्य,अध्यक्ष लीनेस पूनम जैन,सचिव लीनेस रजनी राजोरिया, उपाध्यक्ष ली पुष्पा साहू, माइक्रो चेयरपर्सन ली सविता महोबिया,ली रेनु नोरिया,अनीता मेहरा, माधुरी यादव,कविता पटेल एवं संपूर्ण क्लब सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूज मैनेजमेंट कमेटी एवं जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाडरवारा व नरसिंहपुर की इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी- आईएससी और जिला स्तरीय स्किल कमेटी एवं आईएमसी नरसिंहपुर व गाडरवारा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यों के लिए सैद्धांतिक सहमति दी गई। बैठक में एनटीपीसी गाडरवारा के अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएं श्री विजय कुमार कनौजिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में संस्था में संचालित व्यवसायों के प्रशिक्षण अधिकारियों से सिलेवर्स अनुसार टूल्स, मशीनरी, औजार उपकरण की सूची प्राप्त कर क्रय की कार्यवाही करने की सैद्धांतिक सहमति दी गई। साथ ही 5 किलोवॉट एवं 3 किलोवॉट का ऑनलाइन यूपीएस क्रय करने, दो नग लेपटॉप एवं मीटिंग के लिए स्पीकर तथा माइक क्रय करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। बैठक में संस्था परिसर में नए एनव्हीआर एवं कैमरा क्रय करने व लगाए जाने के लिए प्राक्कलन/ स्टीमेट प्राप्त कर क्रय करने, एक नग कलर एवं 2 नग लेजर प्रिंटर क्रय करने, संस्था के कार्यालय व व्यवसायों में दस्तावेज/ सामग्री रखने के लिए 10 नग रैक क्रय करने, संस्था के कार्यालय व व्यवसायों में दस्तावेज/ सामग्री रखने के लिए 7 नग स्टील अलमारी व लायब्रेरी के लिए 2 नग सेल्फ (कॉचबाले) क्रय करने, दो नग एक हजार लीटर की पानी की टंकी क्रय करने व फिटिंग कराने, संस्था के भवन के चारो और व रोड पर स्टेट लाईट लगाने व इलेक्ट्रीक बोर्ड लगाने, संस्था में संचालत व्यवसायों में उपलब्ध मशीनें जो सर्वसिंग योग्य या बंद है।

# गौ सम्मान अभियान के तहत गौ भक्तों ने सौंपा प्रार्थना पत्र

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)



गाडरवारा में गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत आज गौ भक्तों ने वेद लक्षणा गौ माता के नेतृत्व में सौंपा प्रार्थना पत्र यह प्रार्थना पत्र महामहिम राष्ट्रपति मान.प्रधानमंत्री, मान .राज्यपाल, एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया सभी गौ भक्तों ने गायत्री मंदिर में गौ माता की पूजा कर धेनु चालीसा का पाठ कर गो माता को आगे रख कर एसडीएम कार्यालय पहुंच कर प्रार्थना पत्र सौंपा सम्पूर्ण भारत में अखिल वेदलक्षणा गोमाता (सम्पूर्ण देशी गोवंश) की विधिवत सेवा, पूर्ण सुरक्षा एवं राष्टीय सम्मान प्रदान करने हेतु केंद्रीय कानून बनाने और गां पालन मंत्रालय स्थापना के लिए सम्पूर्ण भारतवासियो की ओर से विनम्र निवेदन। विगत 12 वर्षों में आपने ऐसे कार्य किए हैं जो पूर्ववर्ती सरकारें 65 वर्षों में नहीं कर सकीं, ऐसे कार्य आपकी देशभक्ति, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं कार्य दक्षता के कारण ही संभव हो सके हैं। प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण एवं जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने जैसे ऐतिहासिक कार्यों के बाद, हम समस्त सनातनी आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति, कार्य दक्षता और आपके सांस्कृतिक पुनरुत्थान के कार्यों के प्रति नतमस्तक हैं। आपके %पंचप्राण% के संकल्प में अपनी विरासत पर गर्व एक मुख्य स्तंभ है। भारतीय देशी गोवंश हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। जब तक गोमाता असुरक्षित है, तब तक हमारी सांस्कृतिक पूर्णता अधूरी है। जिस प्रकार आपने काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल लोक के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक आभा को पुनर्जीवित किया है, उसी प्रकार गोमाता को राष्ट्रीय सम्मान देकर आप ही भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के इस महायज्ञ की पूर्णाहुति कर सकते हैं। आपसे देश के समस्त सनातनी गो भक्तों, कार्यकर्ताओं, जागरूक नागरिकों एवं संत समाज की ओर से विनम्र निवेदन है कि वर्तमा में भारतीय गोवंश की स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है। तस्करी, वध एवं सड़कों पर उनकी दुर्दशा देखकर प्रत्येक सनातनी भारतीय का हृदय विदीर्ण है। इसलिए आज सम्पूर्ण राष्ट्र को आपसे गोवंश के सम्मान, सुरक्षा और सेवा की प्रतीक्षा है। महोदय, गोवंश केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी भी है। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारा किसान रासायनिक खाद के विषैले चक्र से मुक्त होकर गो आधारित प्राकृतिक कृषि को अपनाएगा। हर भारतीय श्रीमान गोवंश की वर्तमान पीड़ादायक स्थिति को देखते हुए समाधान हेतु निम्नलिखित आग्रह प्रेषित हैं-

1. एकीकृत केंद्रीय कानून एवं स्वतंत्र मंत्रालय: संविधान के अनुच्छेद 48 के तहत गो-संरक्षण राज्य का विषय है, कुछ राज्यों ने गोवध पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया भी है किंतु कई राज्यों की असमर्थता अथवा अरुचि को देखते हुए केंद्र सरकार संविधान में आवश्यक संशोधन करते हुए केन्द्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू करें। समस्त गो वधशालाओं के लाइसेंस निरस्त हो और वधशालाओं पर शीघ्र अति कठोर कार्रवाई हो इसके क्रियान्वयन हेतु स्वतंत्र केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय और स्पेशल टास्क फोर्स का गठन हों।

2. संवैधानिक सर्वोच्चता: देशी गोवंश को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या के रूप में आधिकारिक संवैधानिक मान्यता प्रदान कर उसे विशेष राष्ट्रीय संरक्षण दिया जाए।

3. कठोर दंडात्मक प्रावधान: गो तस्करी और गो वध को संज्ञेय एवं गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखकर आजीवन कारावास तथा अपराध में संलिप्त दोषियों की संपत्ति कुर्क (राजसात) करने का कठोर विधिक प्रावधान हो।

4. आर्थिक आत्मनिर्भरता: पंचगव्य (गोबर-गोमूत्र) अनुसंधान को बढ़ावा देकर इन्हें प्राकृतिक कृषि हेतु जैविक खाद, कीटनाशक और औषधि के रूप में सरकारी खरीद तंत्र से जोड़ा जाएं। स्कूलों में मिड-डे मील व मंदिरों के प्रसाद में केवल देशी गो-घृत व दुग्ध का उपयोग अनिवार्य हों।

5. बुनियादी ढांचा विकास: प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर नंदीशाला और जिला स्तर पर न्यूनतम एक आदर्श गो अभ्यारण्य अथवा वृहद् गोशाला की स्थापना अनिवार्य हों, जहाँ निराश्रित गोवंश को ससम्मान आश्रय मिलें।

6. राजमार्ग सुरक्षा एवं चिकित्सा: राष्टीय व राज्य राजमार्गों पर प्रति 50 से 100 किमी पर सुसज्जित गो-वाहिनी एम्बुलेंस और 150 से 200 किमी के अंतराल पर आधुनिक ट्रॉमा सेंटरों की व्यवस्था हो जाएं ताकि दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को तत्काल उपचार मिल सकें।

7. शिक्षा एवं सामाजिक सुधार: स्कूली पाठ्यक्रमों में गो-विज्ञान को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाएं ताकि भावी पीढ़ी गोवंश के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, औषधीय और आर्थिक महत्व को समझ सके। 8. एकीकृत चारा एवं गोचर संरक्षण नीति: एक सुदृढ़ चारा सुरक्षा कानून बनाकर चारे के औद्योगिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगे, चारे के अवैध भण्डारण एवं अनियंत्रित मूल्य वृद्धि को रोका जाये साथ ही समस्त गोचर, ओरण और वन भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कर गोचर विकास बोर्ड के अधीन आरक्षित किया जाए, जिससे गोवंश के वर्षभर गोचारण की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। प्रभु श्री राम ने वनवास से लौटकर जैसे रामराज्य की स्थापना की थी, वैसे ही आपके नेतृत्व में गोवंश की रक्षा के साथ गो राज्य की स्थापना हो. यही हमारी ईश्वर

# श्रद्धा व उत्साह से मनाया शिवजी का स्थापना दिवस



**करेली।** मालपानी नगर स्थित साईं मंदिर में शिवशक्ति महिला मंडल द्वारा सुनीता पालीवाल एवं अनुराधा पटेल की अध्यक्षता में भगवान शंकर जी का स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सायंकाल सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन तथा महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर भक्ति में वातावरण में भगवान शंकर जी का गुणगान किया गया तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना की गई।कार्यक्रम के समापन पर छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 80 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

(सुभाष वार्ड मेन रोड नरसिंहपुर-407001
फोन-07792-230402,233731 फैक्स-07792-233731)
E-Mall-cmonarsinghpur@mpurban.siov.in

पत्र क्र. 247 /ई-टेण्डर/2026-27 नरसिंहपुर दिनांक 28/04/2026

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से Gem पोर्टल के माध्यम से 01 नग Animal Cow cather trolley क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन Gem पोर्टल टेण्डर आई.डी. GEM/2026/B/7469856 के माध्यम से निविदाएँ आमंत्रित की गई है। निविदा की अनुमानित लागत 06 लाख रूपये है एवं निविदाकार Gem पोर्टल के माध्यम रूपयें 6000.00 की धरोहर राशि जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक 19/05/2026 को समय 17:00 बजे है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का का प्रकाशन ऑनलाईन Gem पोर्टल पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 19/05/2026 को समय 17:30 बजे से खोली जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर (म.प्र.)



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. /अ-6/ वर्ष 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार हकत्याग विलेख के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/ पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | कंदेली | 44/1 | 2111 वर्गफुट | लक्ष्मी, विमला, शशि, संगीता, सुभाष, दिनेश, संतोष, सुनील, सतीश, साकेत नेमा पिस. स्व. सीताराम नेमा सा. कंदेली | सुभाष, दिनेश, संतोष, सुनील, सतीश, साकेत नेमा पिस. स्व. सीताराम नेमा सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 237 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | कंदेली | 11/5 | 608 वर्गफुट | अनिल लूनावत आ. मानकलाल लूनावत, मीनल लूनावत, अनिष्का लूनावत पिस. अनिल लूनावत सा. कंदेली | अनिल लूनावत आ. मानकलाल लूनावत, मीनल लूनावत, अनिष्का लूनावत पिस. अनिल लूनावत सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 67 अ-20(1) सन् 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | कंदेली | 41/1 | 136 वर्गफुट | सुनील कुमार नेमा आ. बालाप्रसाद नेमा निवासी रामवार्ड कंदेली | सुनील कुमार नेमा आ. बालाप्रसाद नेमा निवासी रामवार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 233 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | कंदेली | 54/2 | 430 वर्गफुट | श्रीमति शोभा बाई तेलंग बेवा सुभाषराव तेलंग सा. रामवार्ड कंदेली | श्रीमति शोभा बाई तेलंग बेवा सुभाषराव तेलंग सा. रामवार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. /अ-6/ वर्ष 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 08 | कंदेली | 13/26 | 362.6 वर्गफुट | श्रीमति मानकुंवर बाई बेवा देवीचरण विश्वकर्मा सा. कंदेली | अनुपम आ. लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, श्रीमति पार्वती, श्रीमति सरिता, शीला, अन्वेष कुमार, श्रीमति रोशनी, श्रीमति शोभा, राज, श्रीमति सूर्या, श्रीमति सूर्या, तनुज, श्रीमति मीना, प्रतीक कुमार, प्रिया, अहन्या विश्वकर्मा सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 234 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | कंदेली | 54/3 | 2072 वर्गफुट | संतोष बेलापुरकर आ. दिनकर शंकर बेलापुरकर निवासी रामवार्ड कंदेली | संतोष बेलापुरकर आ. दिनकर शंकर बेलापुरकर निवासी रामवार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



# भोपाल में वरिष्ठ नेताओं से सौजन्य भेंट

कटनी (स्वतंत्रमत)।

भोपाल प्रवास के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव से सौजन्य भेंट करते हुए उनका स्नेहाशीष और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद कटनी जिले के प्रभारी मंत्री तथा स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग के मंत्री उदय प्रताप सिंह से भी मुलाकात हुई। और जिले में शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, परिवहन सेवाओं के विस्तार तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विषयों पर एक मांग पत्र उन्हें सौपा। साथ ही प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से भी सौजन्य भेंट हुई।

# कहर बरपा रही गर्मी: दिन में लू के थपेड़े, उमस के बीच कट रही रात


कटनी (स्वतंत्र मत)।



शहर सहित समूचे जिले में गर्मी कहर बरपा रही है। पारा 42 डिग्री को पार कर गया है। तेज हवाएं चलने और कई इलाकों में हल्की बारिश होने के बाद रात को वातावरण में ठंडक रही तो गत सुबह एक बार फिर तपती गर्मी से लोग परेशान दिखे। लू के थपेड़ों से जनजीवन पर असर पड़ा। सुबह सूरज निकलने से पहले ही लोग पसीनों में तर होते दिखे। रिकॉर्डतोड़ रतार के साथ बढ़ रही गर्मी में अप्रैल में पहली बार तापमान 42-43 डिग्री पहुंच रहा है। दिन तो दिन लोगों के लिए रात में भी गर्मी असहनीय होती जा रही है। कटनी की बात करें तो यहां रात में भी न्यूनतम तापमान 27- 28 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल रही। मौसम के इस बदले मिजाज ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग ने कटनी सहित कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। उसके बाद थोड़ी राहत मिलने की उमीद है, क्योंकि तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। लू से राहत मिल सकती है। तापमान भले ही कम होगा लेकिन गर्मी के दिनों में उमस बढ़ जाएगी, जो लोगों को परेशान कर सकती है। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि जब तापमान 43-44 डिग्री तक पहुंचता है, तो हवा में मौजूद नमी एक्टिव हो जाती है। इस नमी से बादल बनने लगते हैं। ऐसे में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना होती है। इन दिनों अरब सागर से नमी आ रही है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम ने प्रदेश के मौसम को प्रभावित किया है। प्रदेश के मध्य क्षेत्र में 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर हवाओं का चक्रवात बन रहा है। इसके कारण दोपहर बाद बादल छाने और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की स्थिति बन रही है। हालांकि यह बारिश गर्मी से राहत देने के बजाय मौसम में उमस बढ़ा देती है।

### फूलों से सजेगा बांधा मंदिर

# वैशाख पूर्णिमा एवं बुद्ध जयंती पर भव्य पुष्प बंगला श्रृंगार



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री राधाकृष्ण मंदिर, लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में 1 मई, शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा एवं भगवान बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक पुष्प बंगला श्रृंगार से सजाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों की लड़ियों से भगवान का सिंहासन एवं पूरा परिसर मनमोहक रूप में सुसज्जित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सायं 7:30 बजे भगवान श्री राधाकृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं भगवान हनुमान जी की भव्य एवं सुगंधित महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण होगा। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संया में मंदिर पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# जिला प्रशासन की सजगता और सतर्कता से रूका बाल विवाह

### सीजीएम न्यायालय द्वारा व्यादेश इंजक्शन ऑर्डर जारी

कटनी (स्वतंत्र मत)।




जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की सजगता एक बार फिर सामने आई, जब माधव नगर क्षेत्र में प्रस्तावित एक बाल विवाह को समय रहते रोक दिया गया। मामले की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जांच की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित बालिका की आयु 18 वर्ष से कम है, जो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत पूर्णत: अवैध है। टीम ने मौके पर परिजनों को कानून के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी और समझाइश देकर बाल विवाह न करने के लिए सहमत कराया। मौके पर आवश्यक पंचनामा भी तैयार किया गया। इसके साथ ही प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर सीजीएम न्यायालय ने तत्काल प्रभाव से व्यादेश (इंजंशन ऑर्डर) जारी करते हुए विवाह पर रोक लगा दी। इस कार्रवाई में महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेंटर तथा बाल कल्याण समिति के अधिकारियों की संयुक्त भूमिका रही। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन बाल अधिकारों के संरक्षण और कानून के सत अनुपालन को लेकर पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है।

# कम वोल्टेज से जूझ रहे कैमोरवासी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कैमोर नगर में इन दिनों कम वोल्टेज की समस्या ने लोगों का जीवन बेहद कठिन बना दिया है। खास तौर पर वार्ड नंबर 2 के निवासी पिछले तीन दिनों से गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लगातार लो वोल्टेज के कारण न तो कूलर चल पा रहे हैं और न ही पानी की मोटर, जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। बिजली की इस समस्या के चलते जहां एक ओर लोग गर्मी से बेहाल हैं, वहीं दूसरी ओर पानी की किल्लत भी गहराती जा रही है। अधिकांश परिवारों को मजबूरन हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है। रात के समय भी स्थिति बेहतर नहीं है, जिससे लोगों की नींद तक प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लो वोल्टेज के कारण उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। समस्या की जानकारी विद्युत विभाग को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। नगर परिषद से भी इस समस्या के समाधान की मांग की गई है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। भीषण गर्मी के इस दौर में लोग जल्द से जल्द लो वोल्टेज की समस्या से राहत दिलाने की मांग कर रहे हैं। निवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की अपील की है, ताकि जनजीवन को सामान्य बनाया जा सके।



# सीवर लाइन की खुदाई से लगा भारी जाम, घंटों फंस रहे लोग



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के मुख्य हृदय स्थल मिशन चौक के पास इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बरगवां रोड पर भट्टा मोहल्ला मोड़ के पास चल रही सीवर लाइन की खुदाई के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खुदाई कार्य के चलते सड़क के एक बड़े हिस्से को बंद कर दिया गया है, जिससे आने-जाने वाले पूरे ट्रैफिक को मुख्य सड़क के केवल एक हिस्से सिंगल लेन पर शिफ्ट कर दिया गया है। इस बदलाव की वजह से:- सड़क पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया है। लोग 1 से 2 घंटे तक लंबे जाम में फंसने को मजबूर हैं। पीक ऑवर्स सुबह और शाम में स्थिति और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाती है। सीवर लाइन का काम आवश्यक होने के कारण फिलहाल सड़क की चौड़ाई कम है। ऐसे में जाम की स्थिति से बचने के लिए नागरिकों से विशेष अपील की गई है। जरूरी न हो तो बरगवां रोड के इस हिस्से का उपयोग करने से बचें।

मिशन चौक से बरगवां या दूसरी ओर जाने के लिए अधिक से अधिक मिशन चौक फ्लाई ओवर का उपयोग करें, ताकि मुख्य सड़क पर दबाव कम हो सके और आप समय पर गंतव्य तक पहुँच सकें। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि खुदाई स्थल पर यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए ताकि वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित किया जा सके।



# गायत्री परिवार शीतल आरओ जल का दूसरा और तीसरा केंद्र भी प्रारंभ

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** कटनी चैप्टर के अंतर्गत भीषण गर्मी के इस दौर में आम लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने की मुहिम के तहत जवाहर चौक झंडा बाजार में पीपल के पेड़ के नीचे शीतल आरो जल का प्याऊ प्रारंभ जल जागरुकता गायत्री यज्ञ द्वारा किया गया । इसके अलावा सराफा बाजार में हुए के पास तीसरा केंद्र का शुभारंभ जल जागरुकता गायत्री यज्ञ के द्वारा किया गया। मनोनीत जिला समन्वयक कमल राज अग्रवाल के नेतृत्व में एवं समन्वय समिति सदस्य शरद जायसवाल, डॉ विद्याभूषण खरे, श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, योगाचार्य मुकेश अग्रवाल, देवेंद्र दुबे, धीरज नामदेव, लव सिंह चौहान,अभिषेक केशरवानी, दीपक शीरवानी, साकेत चतुर्वेदी, दहिया बाबू, सुभाष सोनी, हरिशंकर गुप्ता, राकेश नामदेव, राजकुमार गोयल, सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं, राहगीरों, दुकानदारों, दानदाताओं के सहयोग से पूरे गर्मी चलने वाले शीतल आरो जल केंद्र का प्रारंभ हुआ है । तीनों जल केंद्र पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहे हैं और लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। अभी जिस क्षेत्र में यह सेंटर चालू किया है। बाजार हाट करने आए ग्रामीण वह दुकानदार इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं । गायत्री परिवार कटनी की सभी प्रबुद्ध नागरिकों से व संस्थाओं से अपील है कि जो भी इस कार्य में सहयोग कर सकते हैं। वह हमारे माध्यम से या अपने उचित माध्यम के द्वारा इस तरह के सेवा कार्य से लोगों को राहत प्रदान करने का कष्ट करें। मानव सेवा ही माधव सेवा है।

# भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने श्याम निषाद



**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने कटनी के युवा भाजपा नेता श्याम निषाद को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के द्वारा युवा भाजपा नेता श्याम निषाद को मछुआरा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन को मजबूत बनाने एवं मछुआरा प्रकोष्ठ की गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए की गई इस नियुक्ति को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


जिले से मछुआरा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक श्याम निषाद को बनाए जाने के कारण उनके समर्थकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है। उनके समर्थकों ने उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन एवं अन्य वरिष्ठ जनों ने श्याम निषाद की नियुक्ति मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में करके युवा सोच को आगे बढ़ाया है।

# केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में विद्या प्रवेश उत्सव का आयोजन



कटनी (स्वतंत्र मत)।

केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में कक्षा 1 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विद्या प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिससे पूरे आयोजन का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवल किशोर पचौरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन मणिका विष्णोई द्वारा किया गया, वहीं वरिष्ठ शिक्षिका मनीषा भगत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अमित कुमार द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं विद्यालय की विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी गई, जिससे वे विद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यालय के समग्र वातावरण से परिचित हो सके। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षिका विनीता द्विवेदी एवं संगीत शिक्षिका जसप्रीत कौर के मार्गदर्शन में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों ने विद्यालय में अपने पहले कदम के साथ हरित पहल के अंतर्गत पौधे भेंट किए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश भी दिया गया। यह आयोजन बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत यादगार और प्रेरणादायक रहा।



# खदान में डूबने से मौसी व भतीजी की मौत

### बाकल के साडा गांव में हादसा

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम साडा में विवाह समारोह में शामिल होने आई मौसी व भतीजी की खदान के पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के संबंध में बाकल थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि बाकल थाना अंतर्गत ग्राम पटना निवासी 12 वर्षीय सिमरन उर्फ माही पिता नंद कुमार यादव ग्राम साडा में अपने मौसिया अम्मी यादव के यहां विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। सिमरन सोमवार की सुबह 11 बजे के लगभग अपनी मौसी 40 वर्षीय अनुतिया पति अम्मी यादव के साथ ग्राम श्मशान घाट के पास स्थित छोटी सी खदान के पानी में नहाने के लिए गई थी। बताया जाता है कि खदान में नहाते समय सिमरन का पैर फिसल गया और वह खदान के गहरे पानी में डूबने लगी। जिसे बचाने के लिए मौसी अनुतिया भी खदान में कूद गई। जिसके कारण दोनों की खदान के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी लगने पर भारी संख्या में ग्रामीण खदान पहुंच गए। उधर सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मौसी व भतीजी के शव को खदान से निकलवा कर उन्हे पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई और मंगल गीतों की जगह रोना पीटना शुरू हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में भड़की आग

### सतर्कता से टला बड़ा हादसा, रोज फुंक रहे ट्रांसफॉर्मर

कटनी (स्वतंत्रमत)।





जिले में बढ़ती गर्मी के साथ आगजनी की घटनाओं में तेजी देखने को मिल रही है। पिछले 24 घंटे में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आईं। राहत की बात यह रही कि हर सूचना पर फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समय रहते आग पर काबू पाया और संभावित बड़े हादसों को टाल दिया। खिरहनी ब्रिज से दुबे कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक केमिस्ट की दुकान में आज सुबह अचानक आग लग गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह जब दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती दिखीं, तो लोगों ने इसकी सूचना दुकानदार को दी। दमकल के पहुंचने से पहले ही लोगों ने सक्रियता दिखाई और संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। गनीमत रही कि आग की सूचना समय पर मिल गई और लोगों की मदद से उसे बुझा लिया गया, वरना घनी आबादी और दवाइयों के स्टॉक के कारण आग विकराल रूप ले सकती थी। इस घटना में दुकान के भीतर रखे फर्नीचर और दवाइयों के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

दुकानदार घटना स्थल पर पहुंचकर हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। इसी तरह नई बस्ती में सरस्वती स्कूल के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में देर रात आग भड़क उठी। बड़वारा क्षेत्र के ग्राम नन्हवारा, कुठला थाना अंतर्गत ग्राम रैपुरा और एनकेजे क्षेत्र के जुहली बायपास के पास भी आग लगने की घटनाएं सामने आई। वहीं माधव नगर के तांगा स्टैंड क्षेत्र में भी देर रात आग की घटना हुई। इन सभी घटनाओं में अलग-अलग जोन से दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने तेजी से कार्रवाई कर आग पर नियंत्रण पाया।


## कार्यालय नगर परिषद कैमोर जिला-कटनी (म.प्र.)

E-mail-cmokemore@mpurban.gov.in

क्रमांक 197/जनगणना /न.परि./ 2026 कैमोर दिनांक 28/04/26

### //मुनादी सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य म.प्र. राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 तक संपन्न होने जा रहा है। भारतीय जनगणना आयोग द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जारी की गयी है। इस प्रक्रिया में आम नागरिक अपने मकानों से संबंधित जानकारी स्व-गणना प्रक्रिया https: / / se.census.gov.in लिंक के माध्यम से की जा सकती है।

अतः समस्त नागरिको से अनुरोध है कि भारत की जनगणना 2027 के लिए निर्धारित अवधि के बीच अपने मकानों की स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कैमोर**

# हैदराबाद को रोकना मुंबई के लिए बड़ी चुनौती

मुंबई (वार्ता)

इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक ज़बरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुकाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ़ दो जीत के साथ, पाँच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफ़ी उतार-चढ़ाव भरा रहा है; बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है।

## पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा

कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाज़ी और स्ट्रोक-प्ले पर काफ़ी हद तक निर्भर रहेगी। हालाँकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ़ बल्लेबाज़ी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाज़ी



आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं। शुरुआती विकेट लेने में नाकामी और बीच के ओवरों में विपक्षी बल्लेबाज़ों को रोकने में विफलता ने हाल के मैचों में टीम को काफ़ी नुकसान पहुँचाया है। अगर मुंबई को अपने अभियान को पटरी पर लाना है, तो इन कमियों को दूर करना बेहद जरूरी होगा।

## हैदराबाद का अब तक का सीजन काफ़ी मजबूत

इसके ठीक विपरीत, हैदराबाद का अब तक का सीजन काफ़ी मजबूत और लगातार अच्छा रहा है। आठ मैचों में पाँच जीत के साथ, वे अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में मज़बूती से जमे हुए हैं और प्लेऑफ़ में जगह बनाने की राह पर पूरी तरह से अग्रसर दिख रहे हैं। टीम को एक आक्रामक और शानदार फॉर्म में चल रही बल्लेबाज़ी लाइन-अप से काफ़ी बल मिला है, जिसने बार-बार बड़े स्कोर खड़े किए हैं।

## आक्रामकता और संयम के बीच सही संतुलन

पैट कमिंस की अगुवाई में, हैदराबाद ने आक्रामकता और संयम के बीच सही संतुलन बिठाया है। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जबकि मध्य क्रम में हेनरिक क्लासेन एक अहम खिलाड़ी साबित हुए हैं, जिनमें स्पिन और तेज गेंदबाज़ी, दोनों के ही खिलाफ दबदबा बनाने की ज़बरदस्त क्षमता है। उनकी सामूहिक फॉर्म की बदौलत ही टीम इस सीजन में कई बार 200 से ज़्यादा का स्कोर खड़ा करने में सफल रही है, जो उनकी बल्लेबाज़ी की गहराई को बखूबी दर्शाता है।

## मुंबई के ऐतिहासिक दबदबे से सावधान रहना होगा

अपनी मौजूदा शानदार फॉर्म के बावजूद, हैदराबाद को इस मुकाबले में मुंबई के ऐतिहासिक दबदबे से सावधान रहना होगा, क्योंकि इन दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले छह मैचों में से पाँच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। हालाँकि, इस सीजन में दोनों टीमों के अलग-अलग प्रदर्शन को देखते हुए, उस रिकॉर्ड का महत्व सीमित हो सकता है।

## परिस्थितियाँ बल्लेबाजों के पक्ष में रहने की उम्मीद

वानखेड़े स्टेडियम की परिस्थितियाँ बल्लेबाजों के पक्ष में रहने की उम्मीद है, क्योंकि यहाँ की पिच सपाट है, बाउंड्री छोटी हैं, और हाल के मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब रहा है। लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को थोड़ा फायदा मिला है; उन्होंने इस मैदान पर पिछले नौ मैचों में से पाँच जीते हैं, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण कारक बन गया है। कप्तानों के पहले गेंदबाजी करने की संभावना है, ताकि वे रात में रोशनी के नीचे मिलने वाली परिस्थितियों का लाभ उठा सकें।

## मुंबई के लिए, यह अस्तित्व और वापसी की लड़ाई

जैसे-जैसे टूर्नामेंट निर्णायक दौर में पहुँच रहा है, यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए काफी मायने रखता है। मुंबई के लिए, यह अस्तित्व और वापसी की लड़ाई है। हैदराबाद के लिए, यह अपनी स्थिति मजबूत करने और प्लेऑफ़ में जाने से पहले अपनी लय बनाने का एक अवसर है। दाँव ऊँचे होने और दोनों टीमों की कहानियों में तीखा विरोधाभास होने के कारण, यह मुकाबला रोमांच, ड्रामा और इस सीजन का एक संभावित निर्णायक मोड़ साबित होने का वादा करता है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद को मुकाबले में उतरते समय थोड़ा बढ़त हासिल है।





# पीएम मोदी ने छह बीसीसीआई इनडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली (वार्ता)

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे उत्तर-पूर्वी भारत में छह अत्याधुनिक इनडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में आयोजित एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। यह खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीसीसीआई द्वारा विकसित ये अकादमियां रंगपो (सिक्किम), दोइमुख (अरुणाचल प्रदेश), इंफाल (मणिपुर), मदनकुरक्लांग (मेघालय), आइजोल (मिजोरम) और दीमापुर (नागालैंड) में स्थित हैं। ये सभी मिलकर पहला वास्तविक पैन-नॉर्थ-ईस्ट (पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को कवर करने वाला) उच्च-प्रदर्शन क्रिकेट इकोसिस्टम बनाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे क्षेत्र में समान रूप से वितरित और सभी के लिए सुलभ हो। उद्घाटन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह, बीसीसीआई के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि अन्य पांच उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के सचिव के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट इकोसिस्टम को मजबूत करना था। इन अकादमियों की आधारशिला शाह ने मई 2024 में रखी थी, जिसके साथ ही उत्तर-पूर्वी भारत में विश्व स्तरीय क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई थी। इन अकादमियों को उच्च-प्रदर्शन केंद्रों के रूप में डिज़ाइन किया गया है। ये अकादमियां इनडोर अभ्यास पिचों, अत्याधुनिक जिमनेजियम, तापमान-नियंत्रित स्विमिंग पूल, और प्रशासनिक तथा प्रशिक्षण कार्यों के लिए समर्पित विशेष ब्लॉकों से सुसज्जित हैं। ये सुविधाएँ पूरे साल ट्रेनिंग करने में मदद करेंगी, खासकर इस इलाके में लंबे मॉनसून सीजन से आने वाली चुनौतियों से निपटने में, और खिलाड़ियों को प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग के लिए देश के दूसरे हिस्सों में जाने की जरूरत को काफ़ी हद तक कम कर देंगी। ये अकादमियाँ भारत के घरेलू क्रिकेट ढांचे में उत्तर-पूर्वी राज्यों को शामिल करने के बाद एक अहम पड़ाव भी हैं, जो बीसीसीआई की विकास, टैलेंट की पहचान और खिलाड़ियों पर केंद्रित विकास के प्रति प्रतिबद्धता को मज़बूत करती हैं।

# भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे ऊपर पहुंचे

नयी दिल्ली (वार्ता)

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को उनके आईपीएल 2026 घरेलू मुक़ाबले में 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन के चलते पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया। मैच में सिर्फ़ 152 रन बने, लेकिन फिर भी ऑरेंज कैप की रैंकिंग में भी बदलाव हुआ।

***पर्पल कैप लीडरबोर्ड***- भुवनेश्वर कुमार ने डीसी के खिलाफ़ 3-0-5-3 के आंकड़े दर्ज किए, जिसमें उनके तीनों विकेट पावरप्ले में आए और आरसीबी ने डीसी को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इसके साथ ही भुवनेश्वर अब पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। अंशुल कंबोज और इशान मलिंगा की तरह भुवनेश्वर के भी 14 विकेट हैं,



लेकिन उनका औसत 16.85, उन्हें कंबोज (16.92) और मलिंगा (18.21) से आगे ले गया। आरसीबी के बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने डीसी के खिलाफ़ एक विकेट लेकर शीर्ष दस विकेट लेने वालों की सूची में जगह बनाई। उनके अब नौ विकेट हैं, जो कि कार्तिक त्यागी, जेमी ओवर्टन और वैभव अरोड़ा के बराबर हैं, लेकिन उनका औसत (26.55), अन्य तीनों से बेहतर है। जॉश हेज़लवुड ने भी भुवनेश्वर का साथ देते हुए पावरप्ले में तीन विकेट झटके, जिससे डीसी का स्कोर आईपीएल इतिहास के सबसे खराब पावरप्ले स्कोर 13/6 तक पहुंच गया। बाद में उन्होंने एक और विकेट लिया और 3.3-0-12-4 के आंकड़े के साथ मैच ख़त्म किया। विकेटों की संख्या अब दोगुनी होकर आठ हो गई है और वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

***ऑरेंज कैप***- विराट कोहली ने दिल्ली में 76 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 23 रन बनाए और आईपीएल में 9000 रन पूरे किए। इस पारी के साथ वह ऑरेंज कैप की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके 351 रन हैं, जबकि औसत 58.50 का है। कोहली अब वैभव सूर्यवंशी से सिर्फ़ छह रन पीछे हैं, जबकि सूर्यवंशी, ख़ुद केएल राहुल से केवल एक रन पीछे हैं।



## जानिक सिनर मैड्रिड ओपन के क्वार्टर-फ़ाइनल में

**मैड्रिड (वार्ता)।** टेनिस के दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने मंगलवार को यहाँ 2026 मैड्रिड ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहला सेट एकतरफ़ा अंदाज़ में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 3-2 के स्कोर पर कुछ पल के लिए उनका खेल थोड़ा कमज़ोर पड़ा, जिससे नॉरी को स्कोर बराबर करने का मौका मिल गया, लेकिन सिनर ने तुरंत और सटीक जवाब दिया। 5-5 के स्कोर पर, सिनर ने एक बार फिर दबाव बनाया; जब ब्रिटिश खिलाड़ी से चूक हुई, तो सिनर ने उस मौके का फ़ायदा उठाते हुए निर्णायक ब्रेक हासिल कर लिया। इसके बाद, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ मैच को समाप्त किया और 87 मिनट में मैच जीतकर अपनी मास्टर्स 1000 जीत की लय को 25 मैचों तक पहुँचा दिया।

# दिल्ली को नए सिरे से शुरुआत करनी होगी: चावला



नयी दिल्ली (वार्ता)

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के 75 रन पर ढेर होने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ़ बड़ी हार झेलने के बाद पीयूष चावला ने कहा है कि यह डीसी के लिए घबराने का समय नहीं है बल्कि उन्हें यह सब भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर चावला ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स के इतिहास को देखते हुए थोड़ी घबराहट जरूर होगी, लेकिन अभी घबराने के लिए यह सही समय नहीं है। उन्हें साथ बैठना होगा, इस पर चर्चा करनी होगी और नए सिरे से शुरुआत करनी होगी क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट की शुरुआत काफ़ी अच्छी तरीके से की थी। ऐसा नहीं है कि तीन सप्ताह में टीम बदल गई है या उनके खेलने का तरीका बदल गया है। आईपीएल में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाने के सिर्फ़ दो दिन बाद, डीसी अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ़ अपने तीसरे सबसे कम स्कोर पर सिमट गई थी। टीम ने सीजन की शुरुआत लगातार दो जीत के साथ की थी, लेकिन अगले छह मैचों में वे केवल एक जीत हासिल कर सके। महत्वपूर्ण मौक़ों पर कैच छोड़ना भी उन्हें भारी पड़ रहा है। शनिवार को करुण नायर ने श्रेयस अय्यर के दो कैच छोड़े, जिसके बाद पंजाब किंग्स ने टी20 इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज़ पूरा किया। चावला ने कहा, टूर्नामेंट के अंतिम दौर में जब वे पीछे मुड़कर देखेंगे, तो अगर वे प्लेऑफ में क्वालिफ़ाई नहीं कर पाए, तो वे दो अंक (जीटी के खिलाफ़ एक रन की हार) निश्चित रूप से उन्हें परेशान करेंगे। इसलिए अभी समय है कि वे सब कुछ भूलकर आगे बढ़ें, सकारात्मक क्रिकेट खेलें और यह सुनिश्चित करें कि ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक माहौल बना रहे क्योंकि इसका बहुत बड़ा असर पड़ता है।

## आर्यना सबालेंका ने वापसी करते हुए नाओमी ओसाका को हराया

**मैड्रिड (वार्ता)।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मियामी ओपन के चौथे दौर में जापान की नाओमी ओसाका को हराया और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने दो घंटे 20 मिनट में 6-7 (1-7) 6-3 6-2 से जीत हासिल करते हुए इस साल अपनी लगातार 15वीं जीत – और मैड्रिड में लगातार नौवीं जीत – दर्ज की। 27 वर्षीय सबालेंका ने 2023 के बाद से स्पेन की राजधानी में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन उन्हें शुरुआत में ही अपनी ही तरह चार बार की मेजर विजेता ओसाका से कड़ी चुनौती मिली, जो इस सीजन का अपना सबसे बेहतरीन टेनिस खेल रही थीं।

# चावल, गेहूं नरम, तेलों, दालों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, (वार्ता)** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव घट गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गयी। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 12 रुपये गिरकर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत आठ रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल की औसत कीमत 34 रुपये घट गया। उड़द दाल और मसूर दाल 21 रुपये सस्ती हो गयी। मूंग दाल में चार रुपये की नरमी रही। तुअर दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा चार रिंगिट टूटकर 4,532 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.10 प्रतिशत नीचे 71.60 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 27 रुपये और सरसों तेल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंगफली तेल 39 रुपये और वनस्पति 31 रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 26 रुपये और सूरजमुखी तेल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

# मदर डेयरी ने 30 से अधिक नये उत्पाद पेश करने की घोषणा की



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नये उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उससे प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जायेगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ये उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं। आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नये उत्पाद ला रहा है। इनमें पहली बार टू-इन-वन मटका और टब फॉर्मेट, प्रीमियम क्राफ्टेड रेंज, तथा युवाओं को पसंद आने वाले फ्लेवर्स जैसे क्रीम चीज पिस्ता कोन और पिस्ता कुल्फी कसाटा शामिल हैं। इसके अलावा, गो-लो सब-ब्रांड के तहत कम कैलोरी वाली आइसक्रीम की नयी रेंज भी पेश की जा रही है, जो तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स – चोको आल्मंड, शाही मेवा और केसर पिस्ता टिल्ला कुल्फी – में उपलब्ध होगी। कंपनी अपने फ्रेश डेयरी पोर्टफोलियो में जामुन योगर्ट और भुना जीरा रायता जैसे उत्पाद ला रही है। नयी कैटेगरी श्रीखंड को पश्चिमी बाजारों के लिए तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स में पेश किया जायेगा और उत्तरी बाजारों के लिए मीठी दही पेश की जायेगी। कंपनी अपने यूएचटी दूध पोर्टफोलियो का भी विस्तार करेगी, जिसमें काउ मिल्क और स्टैंडर्डाइज़्ड मिल्क को जम्मू एवं कश्मीर जैसे बाजारों में पेश किया जायेगा, ताकि सुविधाजनक और लंबी शेल्फ-लाइफ वाले विकल्पों की बढ़ती मांग पूरी की जा सके। इसके अतिरिक्त, हाई-प्रोटीन प्रो रेंज को प्रोकर्ड और प्रोपनीर – क्रमशः हाई-प्रोटीन दही और हाई-प्रोटीन पनीर – के साथ और मजबूत किया जा रहा है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक जयतीर्थ चारी ने कहा, स्वाद, पोषण और नवाचार की अपनी मजबूत विरासत को आगे बढ़ाते हुये, हम इस वर्ष अपने विस्तृत समर पोर्टफोलियो को पेश करते हुए उत्साहित हैं। उत्पाद में नवाचार हमारी विकास योजनाओं का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और ये नये उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और अलग-अलग मौकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किये गये हैं। देशभर में बढ़ते तापमान को देखते हुये हमें प्रमुख श्रेणियों में 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की उम्मीद है।

# मार्च में 4.1 प्रतिशत बढ़ा औद्योगिक उत्पादन

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू खनन सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन से मार्च में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.1 प्रतिशत बढ़ा जो पांच महीने में सबसे कम है। यह अक्टूबर 2025 के बाद की सबसे सुस्त वृद्धि है। इस साल फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी के 5.9 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र की 2.3 प्रतिशत से घटकर 0.8 प्रतिशत रह गयी। हालांकि खनन क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी की 3.1 फीसदी की तुलना में मार्च में 5.5 फीसदी हो गयी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भी औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। इसमें मुख्य योगदान विनिर्माण सेक्टर का रहा जिसका उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 4.1 प्रतिशत रहा था। पूरे साल में खनन क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के तीन प्रतिशत से घटकर 1.4 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र की 5.2 प्रतिशत से घटकर एक प्रतिशत रह गयी। औद्योगिक उत्पादन में विनिर्माण का भारांश 77.63 प्रतिशत है, खनन का 14.37 प्रतिशत और बिजली का 7.99 प्रतिशत है। विनिर्माण के 23 उद्योग समूहों में से मार्च में 14 में उत्पादन बढ़ा है। इसमें शीर्ष तीन में आम धातु (8.6 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर (18.1 प्रतिशत) और मशीनरी एवं उपकरण (11.2 प्रतिशत) शामिल हैं।

# तेजी से बढ़ रही समृद्ध लोगों की संख्या



## गैर-मेट्रो शहरों में भी विस्तार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** डिजिटल भुगतान समाधान प्रदान करने वाली कंपनी वीजा की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में समृद्ध लोगों की संख्या बढ़ रही है और इसका विस्तार अब मझौले तथा छोटे शहरों में भी तेजी से देखा जा रहा है। भारत की समृद्ध अर्थव्यवस्था 2025-26 के नाम से मंगलवार को जारी इस श्वेतपत्र रिपोर्ट में कहा गया है कि समृद्ध भारत तेजी से बढ़ रहा है और एक नये चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां उपभोग अधिक सोच-समझकर और उद्देश्यपूर्ण हो गया है, तथा व्यक्तिगत पहचान से गहराई से जुड़ा हुआ है। अधिक खरीदारी करने की बजाय समृद्ध उपभोक्ता अब ऐसे उत्पाद चुन रहे हैं जो अर्थपूर्ण, दिखने योग्य और बार-बार खरीदने लायक हों। श्वेतपत्र में समृद्ध आबादी में उन लोगों को शामिल किया गया है जिनकी आय 10 लाख रुपये से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में 10 लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों की संख्या 69 लाख से बढ़कर 130 लाख हो गयी है। यह एक बड़े उपभोक्ता वर्ग को दर्शाता है, जो आवश्यकताओं से परे खर्च करने और वैकल्पिक श्रेणियों में सक्रिय भागीदारी करने में सक्षम है। खास बात यह पायी गयी है कि समृद्धि अब केवल मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे महानगरों तक सीमित नहीं है। यह अहमदाबाद, सूरत, जयपुर और लखनऊ जैसे उभरते शहरों में भी फैल रही है, जहां उपभोग का व्यवहार महानगरों जैसा होता जा रहा है। वीजी द्वारा कराये गये यूगोव अध्ययन और वीजा-नेट के हालिया आंकड़ों (जिसमें यात्रा, भोजन, रिटेल और लाइफस्टाइल क्षेत्र शामिल हैं) के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट में इस बात का विश्लेषण किया गया है कि समृद्धि देशभर में उपभोग के पैटर्न को कैसे प्रभावित कर रही है। वीजा कन्सल्टिंग एंड एनालिटिक्स के भारत और दक्षिण एशिया प्रमुख सुष्मित नाथ ने कहा कि समृद्धि अब अवसर विशेष तक सीमित नहीं है। वैकल्पिक खर्च की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है और यह केवल बड़े अवसरों तक सीमित नहीं है। श्री नाथ के अनुसार, यह बदलाव दर्शाता है कि प्रीमियम उपभोग अब व्यापक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, खासकर जब समृद्धि महानगरों से बाहर फैल रही है। अब यह खर्च अनुभव-आधारित होता जा रहा है, जिसमें विशिष्टता, व्यक्तिगत अनुभव और सहज पहुंच की मांग प्रमुख है।

# मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को दे रहा है नई ऊर्जाः डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने राजा हिरदेशाह लोधी की 168 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम को किया संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को नई ऊर्जा दे रहा है। आज राजा हिरदेशाह लोधी की 168वीं पुण्यतिथि पर शौर्य यात्रा के माध्यम से हम, भूले-बिसरे उन नायकों को समाज के सामने ला रहे हैं, जिन्होंने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ सबसे पहले संगठित विद्रोह किया। राजा हिरदेशाह को नर्मदा टाइगर के नाम से भी जाना जाता है। वे 1842 की क्रांति के महानायक थे, जिनकी शौर्य गाथा आज भी बुंदेला, लोधी और जनजातीय समाज के नाटकों, लोक गीतों और लाखों-लाख हृदय में जीवित है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी और आदर्श है। समाज के महापुरुषों के संघर्ष को भी याद करने की आवश्यकता है। जो संघर्षों से लड़ना जानता है, समाज उसका अभिनंदन करता है। राज्य शासन राजा हिरदेशाह के संघर्ष और देश की आजादी में उनके योगदान पर शोध कराएगी। इतिहास के गौरवशाली पृष्ठ पुनः खुलने चाहिए। राजा हिरदेशाह के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाएगा। नर्मदा के किनारे हीरापुर में राजा हिरदेशाह के नाम से एक तीर्थ स्थल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1842 की क्रांति के



महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में जंबूरी मैदान पर हुए ऐतिहासिक आयोजन और शौर्य यात्रा को संबोधित किया।

***नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह पुस्तक का किया विमोचन***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1842 की क्रांति के नायक नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का राजा हिरदेशाह पर शोध और उनके संघर्ष को पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा के लिए समाज के प्रतिनिधियों द्वारा अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोधी समाज वीरता और किसान योद्धा परंपरा का प्रतीक है। अंग्रेजों की बढ़ती दखलअंदाजी, करों के भारी बोझ और किसानों के शोषण ने राजा हिरदेशाह को विद्रोह के लिए प्रेरित किया। राजा हिरदेशाह की कहानी केवल युद्ध की नहीं, बल्कि एकता, साहस और देशभक्ति की गाथा है। आज के युवाओं के लिए उनका स्पष्ट संदेश है कि अत्याचार के खिलाफ खड़े होना, हर भारतीय का कर्तव्य है। राज्य सरकार प्रदेश की विरासत और महान हस्तियों के सम्मान में निरंतर गतिविधियां संचालित कर रही है। रानी अवंतीबाई के नाम पर सागर में राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।

***समाज के युवाओं को साहसी बनने की आवश्यकता है***- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि यह कार्यक्रम अपने पुरखों के बलिदान को स्मरण करने का है। आज सामाजिक जीवन में शिक्षित होने के साथ संस्कारित बनने का संकल्प भी लेना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी के गुमनाम नायकों को याद करने का आह्वान किया था। आज सवाल यह नहीं है कि 1857 की क्रांति बड़ी थी या 1842 की। राजा हिरदेशाह के द्वारा 1842 में आरंभ की गई बुंदेली क्रांति से 1942 भारत छोड़ो आंदोलन तक का कालखंड भारत के ऐतिहासिक आंदोलन में सबसे महत्वपूर्ण 100 वर्ष हैं। राजा हिरदेशाह ने 1842 से 1858 तक लगातार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष जारी रखा। आज राजा मेहरबान सिंह को भी याद करने का अवसर है, जिन्होंने कभी कोई लड़ाई नहीं हारी।

***पहली क्रांति नर्मदा के तट पर 1842 में शुरू हुई थी***- पूज्य दादा गुरु ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में पहली क्रांति नर्मदा के तट पर 1842 में शुरू हुई थी, यह तथ्य हम सबको गौरवान्वित करने वाला है। राजा हिरदेशाह ने इसका नेतृत्व किया और अपना बलिदान दिया। इस आयोजन में जहां धैर्य है वहीं धर्म भी है। शौर्य दिवस के अवसर पर हमें सनातन धर्म के मार्ग पर चलते हुए अखंड भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प लेना है। राजा हिरदेशाह ने बुंदेलों, जनजातियों और सकल समाज को एकजुट कर राष्ट्र के लिए लड़ने को तैयार किया था। नर्मदा के तट से आजादी की क्रांति का पहला बिगुल फूंका गया था। प्रदेश में रानी अवंतीबाई, वीरांगना दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं ने अपने राज्य की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था।

***युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना आवश्यक***- लोधी-लोधा समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने कहा कि लोधी समाज के गौरव राजा हिरदेशाह ने ब्रिटिश शासन के कानूनों का विरोध करते हुए 1842 की क्रांति का नेतृत्व किया। इस संघर्ष में उनके करीब 12 भाई बलिदान हुए। उनकी पूरी संपत्ति राजसात कर ली गई थी। लोधी एक किसान और योद्धाओं का समाज है। श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि लोधी समाज ने नशे के खिलाफ मुहिम शुरू की है। उन्होंने युवाओं को इस मुहिम में सहयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से किया गया कार्य सदैव स्थायी और सभी के लिए हितकर रहता है।




# अनुशंसाओं को संवेदनशीलता के साथ करें लागू : पटेल

## राज्यपाल के समक्ष जनजातीय उपयोजना कार्यशाला की अनुशंसाओं पर हुई चर्चा

भोपाल (स्वतंत्र मत)

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय कार्यशाला में प्राप्त सुझावों और अनुशंसाओं को संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनजातीय सशक्तिकरण के लिए सरकार के दिशा-निर्देशों और मार्गदर्शन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। जनजातीय विकास से संबद्ध विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को लोकभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के साथ जनजातीय कार्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय सशक्तिकरण और विकास के लिए प्रावधानित बजट का जनजाति उन्मुख उपयोग हो। राशि को लक्षित उद्देश्य पर ही खर्च किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने मैदानी भ्रमण कर जनजातीय विकास प्रयासों की जमीनी हकीकत जानने के और अधिक सघन प्रयासों पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या वाला विस्तृत क्षेत्र है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में निवासरत जनजातियों के विकास एवं कल्याण के कार्य और अधिक क्षेत्र फोकस्ड होना जरूरी है। कार्यशाला में प्राप्त देश के जनजातीय बाहुल्य राज्यों द्वारा जनजातीय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के क्षेत्र में किए गए नवाचारों का प्रदेश की आवश्यकता के संदर्भ में अध्ययन किया जाए, उन्हें समझ कर अपनाने के प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कमजोर वर्गों के कल्याण प्रयासों में संवेदनशीलता सबसे महत्वपूर्ण है। समानुभूति की भावना के साथ किए गए आत्मीय प्रयास सदैव सुफल देते हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण प्रयासों में जन प्रतिनिधियों और शासकीय सेवकों की और अधिक संवेदनशीलता तथा सक्रियता जरूरी है। पात्र हितग्राहियों का चयन, योजना का प्रभावी क्रियान्वयन, बजट राशि के समुचित उपयोग की प्रक्रियाओं में और अधिक जवाबदारी होनी चाहिए। जिम्मेदारी के निर्वहन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा, प्रगति का मार्ग सुनिश्चित करती है। जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण में शिक्षा के प्रसार की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए जरूरी है कि जनजाति क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। पेसा निगरानी समिति के माध्यम से शिक्षकों, शिक्षण, शैक्षणिक गुणवत्ताओं आदि की निगरानी और मूल्यांकन के प्रयास किए जाए।

# विद्वान व्यक्ति कभी क्रोध नहीं करता : शास्त्री

दमोह (स्वतंत्र मत)

स्थानीय नंदीवन मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिवस में कथा व्यास रवि शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत उठा करके इंद्र की प्रलयकारी बारिश से रक्षा करने की कथा को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि अगर किसी बिषय पर कोई चर्चा हो रही हो और कोई व्यक्ति नाराज होकर तर्क और तथ्य देने के बजाय अभद्र भाषा बोलने लगे तो समझ जाना चाहिए कि वह व्यक्ति अपनी हार स्वीकार कर चुका है, अज्ञानता के कारण अहंकार होता है और अहंकार के टूटने से क्रोध आता है जबकि विद्वान् व्यक्ति हमेशा तर्क और तथ्य की बात करता है और विनम्र बना



रहता है। वृंदावनवासी नंदबाबा एवं गोपी ग्वाल प्रतिवर्ष अच्छी वर्षा की कामना से देवराज इंद्र का पूजन किया करते थे। प्रतिवर्षानुसार देवराज इंद्र की पूजन की तैयारी भी चल रही थी तभी भगवान श्रीकृष्ण ने बाबा नंद से पूछा कि यह किस आयोजन की तैयारी हो रही है बाबा नंद ने बताया कि आज हम देवराज इंद्र का पूजन करते हैं प्रसन्न होकर के देवराज इंद्र मेघो को आदेशित करते हैं और अच्छी बारिश होती है यह सुनकर के श्री कृष्ण ने कहा कि बाबा हमें प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए हमें पेड़ पौधों एवं पहाड़ों की रक्षा चाहिए तथा पेड़ पौधे लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण शुद्ध होता है एवं अच्छी बारिश होती है इसलिए हम सबको मिलकर के गिरिराज गोवर्धन का पूजन करना चाहिए जहां पर हमारी गाय चरने के लिए जाती हैं हमें दूध देती हैं। दूध से हम छाछ एमट्ठा ए खोवा आदि बनाकर के मथुरा के बाजार में बेचते हैं और हमारा भरण पोषण होता है भगवान की बात को सब ने स्वीकार किया और सब मिलकर के भगवान गिरिराज का पूजन करते हैं, उन्हें 56 प्रकार के भोग लगाते हैं यह बात जब अभिमानी इंद्र को पता चलती है तो इंद्र वृंदावन वासियों को मारने की इच्छा से प्रलयकारी मेघो को प्रलयकारी बारिश करने की आज्ञा देता है वृंदावन पर बड़ी भयंकर प्रलयकारी पानी की बूंदे गिरने लगती हैं तब समस्त वृंदावन वासी भगवान श्री कृष्ण की शरण में आते हैं भगवान श्री कृष्ण गिरिराज को अपनी कनिष्ठिका उंगली पर लगातार सात दिनों तक उठाकर के इंद्र की बारिश से बृजवासियों की रक्षा करते हैं जब इंद्र का अहंकार टूटता है तब वह भगवान की शरण में आता है भगवान उसके समस्त अपराधों को क्षमा करते हैं एवं उसे निर्भय कर देते हैं इसलिए अहंकार कभी नहीं करना चाहिए यह सज्जनों का विद्वानों का मत है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कोटखेड़ा में जल चौपाल का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)

विकासखंड तेंदूखेड़ा के ग्राम कोटखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत जल चौपाल का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान 28 मार्च से 30 जून तक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है जो मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्वए वर्षा जल संचयनए तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति



जागरूक किया गया। साथ ही ग्राम स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से जल संकट के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोटखेड़ा के अध्यक्ष प्रवेश लोधी, सचिव वीरेंद्र लोधी सहित खुमान सिंह, राजेश सिंह, आशु, अर्जुन सिंह, संदीप कुमार आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष प्रवेश लोधी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जिपं की सामान्य सभा की बैठक

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिला पंचायत दमोह की सामान्य सभा की बैठक 29 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर बैठक में उपस्थिति के लिए आग्रह किया है।

## जनसुनवाई में 216 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मंगलवार को जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने आवेदकों से क्रमवार उनके आवेदन लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए स उन्होंने आवेदकों की बातों को बड़ी गंभीरता से सुना साथ ही इस जनसुनवाई में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वह हर जनसुनवाई में इसी तरह मौजूद रहकर आवेदकों की समस्याओं का यथासंभव स्थल पर निराकरण करें अन्यथा निर्धारित समय सीमा में निराकृत कर अवगत करायं। इस अवसर पर सिविल वार्ड 01 दमोह के एक आवेदक ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त दिलाने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम सिंगपुर तहसील जबेरा के आवेदक ने जमीन के सीमांकन हेतु आवेदन दियास इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 216 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

## खचना नाका पर हादसा टला, पीछे लुढ़का ट्रक, बाइक चपेट में आई

हटा (स्वतंत्र मत)

शहर के खचना नाका क्षेत्र में सोमवार रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब गेहूं से भरा एक ट्रक अचानक पीछे की ओर लुढ़क गया और एक खड़ी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक ट्रक के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि गनीमत रही कि कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया। जानकारी के अनुसार घटना रात



करीब 11 बजे की है। वेयरहाउस गोदाम के पास ढलान पर खड़ा गेहूं से लोड ट्रक अचानक पीछे की ओर चल पड़ा। इसी दौरान पास में खड़ी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि बाइक मालिक देवकरण उस समय पास में ही पान खा रहे थे। अचानक ट्रक के रिवर्स होने पर अफरा-तफरी मच गई। आशंका जताई जा रही है कि ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और हटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 3 मई को आयोजित होगी नीट परीक्षा

दमोह (स्वतंत्र मत)

जिले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट द्वारा 3 मई रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा जिले के तीन केंद्रों. केंद्रीय विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में संपन्न होगी। परीक्षा की सुचारू एवं व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 30 अप्रैल, गुरुवार को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट दमोह के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। प्रभारी अधिकारी द्वारा संबंधित सभी अधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है ताकि परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित योजना बनाई जा सके।



# आर्थिक रूप से सशक्त बनना नितांत आवश्यक : न्यायाधीश शर्मा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य डीके मिश्रा सहित शिक्षकगण एवं छात्राएंउपस्थित रहीं। आयोजित शिविर में जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा ने उपस्थित छात्राओं को अपना उद्देश्य एवं लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा अर्जित करने व पूरी लगन और परिश्रम से अध्ययन कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने तथा माता पिता एवं गुरूजनों की सलाह पर ध्यान देकर उनकी बातों को आत्मसात किये जाने के संबंध में चर्चा की गयीए साथ ही पाक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, इंटरनेट का सदुपयोग विषय पर जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को बताया कि विवाह हेतु लड़की के लिए 18 वर्ष एवं लड़के के लिए 21 वर्ष होती है। उक्त आयु से कम आयु के लड़के या लड़की का विवाह कराया जाना दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह की घटनाओं की सूचना चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1008 पर कर सकते है, साथ ही आपने रैगिंग, निःशुल्क हेल्पलाईन 15100 के संबंध में जानकारी दी। संचालन एवं आभार प्राचार्य डीके मिश्रा द्वारा किया गया।

# टपरों का शहर बनता हटा, शासकीय जमीन पर कब्जों की बाढ़, प्रशासन मूकदर्शक

हटा (स्वतंत्र मत)

कभी शांत और व्यवस्थित माना जाने वाला हटा अब तेजी से टपरों का शहर बनता जा रहा है। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जिस पर रोक लगाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है। बीते महज 15 दिनों में ही रातोंरात एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर टपरे खड़े कर कब्जा कर लिया गयाए लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। नगर के खचना नाका, नवीन हाई स्कूल क्षेत्र, संजीवनी क्लीनिक के आसपास, अंधियारा बगीचा पार्क, सिविल अस्पताल परिसर और ककराई इलाके में हाल ही में तेजी से नए टपरे उग आए हैं। हालत यह है कि पूरे शहर में अब एक हजार से ज्यादा टपरे स्थापित हो चुके हैं। हालांकि कुछ गरीब परिवार इन टपरों के सहारे अपनी रोजी रोटी चला रहे हैं लेकिन कई मामलों में पहले कब्जा कर बाद में किराए पर देने का खेल भी सामने आ रहा है। पटेरा रोड निर्माण के दौरान हटाए गए टपरे अब नए ठिकानों पर फिर से बसते दिख रहे हैं जिससे कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



***हाईकोर्ट के आदेश बेअसर***- अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका क्रमांक 4139/13 में हाईकोर्ट की युगल पीठ ने कलेक्टर को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नियमानुसार शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए। इसके बावजूद न केवल कार्रवाई अधूरी रही बल्कि गलत रिपोर्ट पेश किए जाने पर अवमानना याचिका (2072/14) भी दायर हो चुकी है। फरवरी 2024 में एसडीएम द्वारा समय मांगने के बाद भी जमीनी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

***नोटिस जारी, कार्रवाई गायब***- राजस्व विभाग द्वारा 1000 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं और सुनवाई की समयसीमा भी खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद न तो बेदखली हो रही है और न ही नए कब्जों पर रोक लग पा रही है। दमोह-पन्ना मार्ग, खचना तिराहा, रनेह रोड, गांधी वार्ड, बटियागढ़ रोड और पुराने जनपद कार्यालय के आसपास अतिक्रमण खुलकर नजर आ रहा है।

***जलस्त्रोत खतरे में***- चंडीजी तलैया और गौरीशंकर तलैया जैसे महत्वपूर्ण जलस्त्रोत भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। वहीं खचना तिगड्डा और चंडीजी तिगड्डा जैसे व्यस्त इलाकों में राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है।

***जनता में आक्रोश, प्रशासन बेपरवाह***- स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की निष्क्रियता ने अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। नगर में पर्याप्त शासकीय भूमि खाली होने के बावजूद नगर पालिका का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण अधूरा पड़ा है जिससे राजस्व बढ़ाने का मौका भी हाथ से निकल रहा है।

***जिम्मेदारों के गोलमोल जवाब***- तहसीलदार आलोक जैन ने मामले में सीएमओ से चर्चा करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जबकि सीएमओ राजेंद्र खरे ने सिर्फ दिखवाने का आश्वासन दिया है। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक हटा में अतिक्रमण का यह खेल चलता रहेगा और प्रशासन कब जागेगा। फिलहाल तो हालात यही बता रहे हैं कि टपरे बढ़ते जा रहे हैं और जिम्मेदार सोते जा रहे हैं।



**सुप्रीम कोर्ट की याचिकाओं का रिकॉर्ड नहीं हुआ पेश**

## फिर टली ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण पर फैसले की उम्मीद लगाए पक्षों को बड़ा झटका लगा है। आरक्षण पर फाइनल सुनवाई फिलहाल टाल दी गई है। साथ ही फाइनल हियरिंग के लिए नई तारीखों का भी ऐलान किया गया है। मामले पर अब 13, 14 और 15 मई से हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की याचिकाओं का रिकॉर्ड पेश नहीं होने के कारण यह सुनवाई टल गई। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट से रिकॉर्ड ट्रांसफर कराने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई दस्तावेज अपलोड होने के बाद ही शुरू होगी।

**माइनिंग की टीम से बचने नदी में कूदा था युवक**

## युवक की मौत मामले में मानवधिकार आयोग ने मांगा जवाब




**जबलपुर।** जिले के बरेला थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जमतरा में विगत दिनों नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन की सूचना पर जिला प्रशासन की टीम को देखकर अवैध रेत उत्खनन में लिप्तो के बीच भगदड़ मचने पर, पकड़े जाने के डर से बचने के लिये आकाश बर्मन उर्फ मानक वर्मा 25 वर्षीय की नर्मदा नदी में छलांग लगाने के कारण मृत्यु होने की घटना सामने आई है। इस मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, जवाब मांगा है।



# सड़क हादसों में मप्र देश में दूसरे नंबर पर

## मप्र हाईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका, मांगा जवाब






जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों और दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को लेकर मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका की गई है। याचिका में बताया गया है कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में मप्र देश में तमिलनाडू के बाद दूसरे स्थान पर है। साथ ही हालात दिन प्रतिदिन गंभीर होते जा रहे हैं। याचिका में बताया गया है कि विगत वर्ष 2020 से 2023 के दौरान देश में सबसे ज्यादा सड़क हादसों में 18 हजार 347 मौतें तमिलनाडू में हुईए जो सबसे अधिक हैं। इसी तरह 13 हजार 798 मौतों के साथ मप्र दूसरे स्थान पर है। याचिका में उठाये मुद्दे को संजीदगी से लेते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीज़न बेंच ने एनएचएआईए राज्य सरकार व अन्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है । साथ ही याचिकाकर्ता को कहा है कि ऐसे हादसों को रोकने के सम्बन्ध में वो उचित समाधान एक सप्ताह में बताएं। बेंच ने अनावेदकों को कहा है कि वे इन समाधानों का एक्सपर्ट्स से परीक्षण कराकर अपनी रिपोर्ट पेश करें। इस मामले की अगली सुनवाई अब 6 जुलाई को होगी।

### 2021 से सक्रिय

जानकारी के मुताबिक यह जनहित याचिका राजस्थान के आरएएस अधिकारी महावीर सिंह ने दायर की है। फिलहाल मप्र के डिंडोरी जिले में रह रहे याचिकाकर्ता ने बताया कि वे सेवानिवृत्ति के बाद राजस्थान सचिवालय के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग में ऑफिसर इन चार्ज रूम सेफ्टी वॉर के रूप में कार्य कर चुके हैं। साथ ही अक्टूबर 2021 से वे लगातार सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। याचिका में बताया गया है कि सड़क सुरक्षा के लिए एक बड़ा समूह कार्य कर रहा है, जिसमें अलग-अलग विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारी, इंजीनियर्स और हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल हैं। इस समूह का उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना, सुरक्षित ट्रैफिक सिस्टम बनाना और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करना है। याचिका में कहा गया है कि देश की विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण आदेश दे चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब भी पर्याप्त काम नहीं हुआ है।

## नर्सिंग फर्जीवाड़ा: सीबीआई और नर्सिंग काउंसिल से हलफनामा तलब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मप्र के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से संबंधित लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मप्र हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और मप्र नर्सिंग काउंसिल को अगली सुनवाई से पूर्व विस्तृत हलफनामा और प्रगति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने सीबीआई को निर्देशित किया है कि वह अगली सुनवाई तक यह स्पष्ट करे कि अब तक की जांच में किन-किन व्यक्तियों या संस्थानों की संलिप्तता पाई गई है। साथ ही, सीबीआई को यह भी बताना होगा कि दोषियों के विरुद्ध अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल और मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल को विशेष रूप से उन अधिकारियों के विरुद्ध उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है, जो समय-समय पर अनुपयुक्त और मानक विहीन कॉलेजों को मान्यता देने के लिए जिम्मेदार थे । संबंधित प्रतिवादियों को एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से उन प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाइयों का विवरण हो, जो इन कॉलेजों को अवैध रूप से फलने-फूलने देने वाले अधिकारियों पर की गई हैं । गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका में मध्य प्रदेश में 2020-21 में खुले सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी जिसमें हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हुई सीबीआई जांच में लगभग 800 नर्सिंग कॉलेजों में से करीब 600 कॉलेज अनुपयुक्त या कमियों से भरे पाए गए थे, इन संस्थानों में भवन, लैब, लाइब्रेरी, अनुभवी शिक्षक और 100 बिस्तरों वाले अस्पताल जैसी अनिवार्य सुविधाओं की भारी कमी पायी गई थी । कई कॉलेज केवल कागजों पर चल रहे थे और कई प्रिंसिपल और शिक्षक 15-15 कॉलेजों में एक साथ कार्यरत दर्शाए गए थे ।



# भीषण गर्मी में गायब हुई हिरण नदी पानी के लिए मचा हाहाकार

### कई गांवों में गहराया जल संकट, पानी छोड़ने की मांग

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

अप्रैल माह की भीषण गर्मी ने जल संकट को विकराल रूप दे दिया है। हिरन नदी पूरी तरह सूख चुकी है, जिससे आसपास के गांवों में हाहाकार की स्थिति बन गई है। हालात इतने खराब हैं कि नदी के बीचों-बीच अब लोग दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। ग्राम हरगढ़ निवासी गिरधर सरावगी ने बताया कि नदी में एक बूंद पानी नहीं बचा है। हैंडपंप से हवा निकल रही है और अन्य जल स्रोत भी सुख चुके हैं, जिससे पेयजल की समस्या गहराती जा रही है। इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं।

### हालात हो सकते है भयावह

हिरन नदी के किनारे बसे हरगढ़, मगगवां, दरौली, सरदा घाट, सिमरिया सहित कई गांवों में स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। जल स्तर लगातार गिरने से ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य नहर से जल्द हिरन नदी में पानी छोड़ा जाए, ताकि इस भीषण संकट से राहत मिल सके। उनका कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं।



# कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 101 आवेदन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों से कुल 101 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें दोबारा आये 32 आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर आवेदन छात्रवृत्ति, अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार, अर्जित अवकाश का भुगतान, अवैध कब्जा, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता, पीएम आवासए लड़ाई झगड़ा, आर्थिक सहायता, धोखाधड़ी आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव आज 29 अप्रैल को अल्प प्रवास पर जबलपुर आयंगे।



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के प्रवक्ता विवेक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अरुण यादव सुबह 7 बजे दिल्ली से विशेष विमान द्वारा रवाना होकर प्रात: 8 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे सड़क मार्ग द्वारा दमोह जिले के अपने कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रस्थान करेंगे। दमोह के निर्धारित कार्यक्रमों को पूर्ण करने के पश्चात वे पुन: संस्कारधानी लौटेंगे। शाम के समय वे जबलपुर में आयोजित विभिन्न स्थानीय आयोजनों और सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। शहर में कार्यकर्ताओं से भेंट और चर्चा के उपरांत वे देर रात ट्रेन के माध्यम से राजधानी भोपाल की ओर रवाना होंगे। पार्टी ने ग्रामीण और शहर के समस्त कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय पर डुमना एयरपोर्ट और स्थानीय कार्यक्रम स्थलों पर उपस्थित रहें।

## रफ्तार का कहर, सड़क हादसे में चाचा-भतीजी की मौत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटंगी-मझौली रोड कुसमी मानगढ़ में दर्दनाक सड़क हादसे में चाचा भतीजी की मौत हो गयी। हादसे तब हुआ जब दमोह की ओर से आ रहे मोटर साइकल सवार विमल रजक सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक में सवार विमल व उनकी भतीजी साक्षी की मौत हो गई। वहीं विमल की भाभी निशा के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिन्हे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया, जहां पर निशा रजक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार ग्राम धनवाही मझौली जबलपुर निवासी विमल रजक अपनी भतीजी साक्षी व भाभी निशा रजक को लेकर बंडा सागर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जहां से अपने घर के लिए मोटर साइकल से रवाना हुए। जब वह गुबरा कटंगी से मझौली की ओर बढ़ रहे थे, इस दौरान कुसमी मानगढ़ में सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि 14 वर्षीय साक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विमल व निशा के शरीर पर गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कटंगी के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां पर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया। मेडिकल में विमल रजक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं भाभी निशा रजक की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

## जबलपुर से होकर गुजरेगी 2 स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। गाड़ी संख्या 01453 हडपसर-बनारस वन वे स्पेशल



ट्रेन गुरुवार 30 अप्रैल को हडपसर से सुबह 07:50 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए इटारसी रात 21:05 बजे,पहुंचकर जबलपुर मध्यरात्रि 00:45 बजे, कटनी 02:15 बजे, सतना 03:50 बजे आगमन कर और 01 मई को गंतव्य बनारस दोपहर 13:50 बजे पहुँचेगी। रास्ते में यह अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मानिकपुर, प्रयागराज एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। और गाड़ी संख्या 01051 एलटीटी से बनारस स्पेशल ट्रेन का संचालन गुरुवार 30 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 11:10 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 22:25 बजे, जबलपुर मध्यरात्रि 01:20 बजे, सतना 04:25 बजे, पहुँचकर और 01 मई को दोपहर 13:10 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी । यह ट्रेन ठाणे, कल्याण जंक्शन, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।



## विषय चयन में अब नहीं होगी उलझन

### 78 विशेषज्ञ करेंगे जबलपुर संभाग के छात्रों का मार्गदर्शन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संभाग के स्नातक प्रथम वर्ष (सत्र 2026-27) में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत संभाग स्तर पर नि:शुल्क ऑनलाइन और ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग की शुरुआत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार सही विषय चुनने और भविष्य की संभावनाओं को समझने में मदद करना है। संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक विशेष समिति का गठन किया गया है। इसमें संभाग के विभिन्न जिलों से 78 अनुभवी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, मनोवैज्ञानिक और काउंसलर शामिल हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय महाकोशल महाविद्यालय) स्थित संभागीय कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं।

# सुरक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने जिनसार के विद्यार्थियों ने चलाया अभियान

### आकर्षक नाटक प्रस्तुत कर आमजन को दिए संदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च 28 अप्रैल 2026 को कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर तिलवारा में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल की सुरक्षा के महत्व, व्यावसायिक खतरों की रोकथाम तथा स्वस्थ कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एक आकर्षक नाटक (स्किट) के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में कार्यस्थल पर होने वाले सामान्य जोखिमों, सुरक्षा उपायों तथा सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण संदेशों को सरल और सहज रूप में प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों का ध्यान आकर्षित हुआ।

जनसमूह ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई और इसमें विशेष रुचि प्रदर्शित की। इस नाटक के माध्यम से सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा लोगों को अपने कार्यस्थलों पर स्वस्थ एवं सुरक्षित आदतें अपनाने के लिए प्रेरणा मिली। प्रस्तुति की संवादात्मक शैली ने विषय को बेहतर ढंग से समझने में सहायता की। यह कार्यक्रम प्रोफेसर डॉ. प्रिंसी शाजी मैम (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया तथा एमडी अलीम खान, साक्षी पटेल एवं शुभांगी केवट (नर्सिंग ट्यूटर) द्वारा समन्वित किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम के सुचारु संचालन एवं सफल आयोजन को सुनिश्चित किया। कार्यक्र म का समापन सफलतापूर्वक हुआ तथा श्रोताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। कुल मिलाकर, यह कार्यक्रम जानकारीपूर्ण, प्रभावशाली एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## हनुमानताल तालाब में बुजुर्ग ने लगाई छलांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में विगत दिवस एक बुजुर्ग व्यक्ति ने तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता और तत्परता से उनकी जान बच गई। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक 60 वर्षीय विमल जैन हनुमानताल स्थित तालाब में कूद गए। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। दिलीप चक्रवर्ती नामक एक व्यक्ति ने साहस दिखाते हुए तालाब में छलांग लगाई और बुजुर्ग को बेसुध हालत में बाहर निकाला। बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा उपचार किए जाने के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ और अब वे खतरे से बाहर बताए जा रहे है।

South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

RECLINERS AT JUST ₹99*, MONDAY TO THURSDAY!

| | |
|---|---|
| MICHAEL (ENG) | RUBY 11:40 AM, 2:10 PM, 4:45 PM, RUBY 7:10 PM & 9:40 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 9:00 AM, 12:10 PM, 3:20 PM, 6:30 PM & 9:40 PM; RUBY 1:00 PM, 4:00 PM, 7:00 PM, RUBY 10:00 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | 10:15 AM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 12:50 PM, 5:00 PM & 9:15 PM |

@moviemagic_jbp | MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS | Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**